# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 21 दिसंबर 2024
संवत 2081, पौष कृष्ण छह- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 105 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ सच ही है, आंबेडकर जी सम्मान का विषय, फैशन के नहीं

तीसरे सप्ताह में 'पुष्पा-2' की कमाई में आई कमी ◀◀ 6


# गंगा में समाई फायर ब्रिगेड की गाड़ी, ड्राइवर लापता

## फायर ब्रिगेड की गाड़ी गंगा में पानी भरने गई थी, जमीन धंसने से हुआ हादसा



**राजमहल (साहिबगंज):** संताल परगना के साहिबगंज जिले में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी गंगा में पानी भरने के लिए गई थी। इसी दौरान गाड़ी नदी में डूब गई। गाड़ी का ड्राइवर लापता है।

घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर शनिवार सुबह करीब 7:45 बजे हुई। राधा नगर में तैनात दमकल वाहन में पानी की कमी हो जाने पर गाड़ी गंगा से पानी भरने के लिए तट पर आई थी।

**गाड़ी बैक करने के दौरान मिट्टी धंसी :** गाड़ी बैक करने के दौरान मिट्टी धंस गई और दमकल वाहन गंगा में समा गया। इस दौरान अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बाहर नहीं निकल पाए। सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे।

चालक का पता लगाने के लिए गंगा में उतरे गोताखोरः तत्काल गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोर गंगा में उतरे और नदी में समाये दमकल वाहन के लापता चालक की खोजबीन में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक चालक अरुण कुमार का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# भोपाल के जंगल में खड़ी कार से मिला 52 किलो सोना, 11 करोड़ कैश

**एजेंसी/भोपालः** आयकर विभाग को भोपाल के मेंडोरी जंगल में एक कार से 52 किलो सोना मिला। इसके अलावा, 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुआ है। कार एक मकान के बाहर लावारिस हालत में मिली। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह सोना और कैश किसका है। आयकर विभाग (आईटी) को यह बड़ी कामयाबी मध्य प्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड के बीच मिली है। आयकर विभाग ने दो दिन में भोपाल और इंदौर में 51 ठिकानों पर छापेमारी की है।

अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है, वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार में कैश है, जिसे कहीं ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम गुरुवार रात करीब दो बजे मेंडोरी पहुंची। जंगल में इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। आयकर की टीम ने कार की तलाशी ली, तो नकदी के साथ सोना भी मिला। इनोवा कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर अफसरों की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का शीशा तोड़ना पड़ा। बैग बाहर निकालकर खोला तो गोल्ड और कैश देखकर सभी हैरान रह गए। फिर इनकी गिनती कर कब्जे में लिया गया।



**अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है, वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है।**

### तेज रफ्तार का कहर

# क्रिसमस बाजार में घुसी कार ने 70 लोगों को कुचला, दो की मौत



**मैगडेबर्ग :** पूर्वी जर्मन शहर मैगडेबर्ग में एक व्यस्त क्रिसमस बाजार में एक कार घुस गई। तेज रफ्तार कार ने करीब 70 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कम से कम 68 अन्य घायल हो गए। अधिकारी संदेह जता रहे हैं कि यह जानबूझकर किया गया हमला हो सकता है। हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जर्मन बाजार में लोग बड़ी संख्या में क्रिसमस की खरीदारी करने आए हुए थे। उसी दौरान यह भयावह हमला हुआ।

सैक्सोनी-एनहाल्ट की आंतरिक मंत्री तमारा जिस्चांग ने मीडिया से कहा कि संदिग्ध 50 वर्षीय सऊदी डॉक्टर है, जो पहली बार 2006 में जर्मनी आया था। जैसा कि हालात हैं, वह एक अकेला अपराधी है, इसलिए जहां तक ??हम जानते हैं, शहर के लिए कोई और खतरा नहीं है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, घायलों में से पंद्रह को बहुत गंभीर चोट लगी थी।

गवर्नर रेनर हसेलॉफ ने कहा कि जिन दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, उनमें एक वयस्क और एक बच्चा है। वहीं कुछ लोगों की हालात गंभीर है इसलिए आगे और मौतों से इनकार नहीं कर सकते। डीपीए की रिपोर्ट के अनुसार, मैगडेबर्ग के यूनिवर्सिटी अस्पताल ने कहा कि भी 10 से 20 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मिल्क पार्लर-कम-हाउस में लगी भीषण आग पति-पत्नी और बच्चों सहित चार लोगों की मौत

**देवास :** मध्य प्रदेश के देवास जिले के नयापुरा इलाके में शनिवार तड़के एक मिल्क पार्लर-कम-हाउस में भीषण आग लग गई जिससे एक ही परिवार के चार सदस्यों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में दंपति और उनके दो बच्चे शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 4:45 बजे लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक काफी नुकसान हो चुका था और पूरा परिवार आग की चपेट में आ गया था।

नाहर दरवाजा पुलिस थाने की प्रभारी मंजू यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। यह घटना पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा रही है। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।





# देश चिकित्सकों की कमी का सामना कर रहा, मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऐसे समय में जब देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, कीमती मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए। न्यायालय ने प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रिक्त सीटों को भरने के लिए नये सिरे से काउंसलिंग आयोजित करें।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने दाखिल देने वाले प्राधिकारियों को विशेष काउंसलिंग आयोजित करने और 30 दिसंबर तक मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

पीठ ने आदेश दिया, ह्यह्यविशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों तथा इस बात पर ध्यान रखते हुए कि देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, बहुमूल्य मेडिकल सीटें व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, हम अंतिम अवसर के रूप में अवधि बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश उन याचिकाओं पर विचार करते हुए दिया, जिनमें दाखिला देने वाले प्राधिकारियों को पांच दौर की काउंसलिंग के बाद भी खाली बची सीटों के लिए काउंसलिंग का एक विशेष दौर आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।




## न्यूज ब्रीफ



### शव दफनाने को लेकर हुआ जमीन विवाद, धारा 163 लागू

**धनबाद :** सियालजोरी थाना क्षेत्र के चंदाहा में शव दफनाने को लेकर जमीन विवाद के बाद मामला गर्म हो गया। एक ही समुदाय के दो गुटों में जमीन विवाद उभरा है। दोनों पक्षों ने जमीन अपनी होने का दावा किया। मामला बढ़ते देख लोगों ने इसकी सूचना सियालजोरी थाना व प्रशासन को दे दी। चास बीडीओ प्रदीप कुमार, सियालजोरी, पिंड्राजोरा, चंदनकियारी व आमलाबाद के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। प्रशासन विवादित जमीन पर धारा 163 लगा दी है। इधर, आपसी सुलह के बाद शव को दूसरी जगह दफनाया गया। ज्ञात हो कि इसी जमीन को लेकर जगदीश मोदक, संजय मोदक बगैरह व डॉ अब्दुल अंसारी बगैरह के बीच केस चल रहा है।

### निरसा विधायक ने कलियासोल में किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**धनबाद :** निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कलियासोल के लालपहाड़ी इंटर कॉलेज के समीप स्थित सिमुलदोन पैक्स में शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निदेशानुसार इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपए की दर धान का मूल्य मिलेगा। अक्सर शिकायत मिलती थी कि बिचौलिये 1000 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदकर पश्चिम बंगाल भेज देते हैं। अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। आज से ही इस पैक्स में किसानों के धान की खरीद की जाएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को धान का सही मूल्य मिल सकेगा। मौके पर विधायक के पत्नी अनंदिता चटर्जी, प्रखंड प्रमुख विवेक मंडल, मुखिया राजीव मंडल, पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार मंडल, पापिया बाउरी, रमेश मंडल, बीसीओ कार्तिक उरांव, विकास कुमार, मिशिल हांसदा, समीरन डे, सुरेश दास आदि उपस्थित थे।

### छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया

**रामगढ :** जिले के भदानीनगर राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय सुद्दी में एक नाबालिग स्कूली बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शिक्षक मुख्तार आलम ने स्कूल के टीफिन समय पर शौचालय गई एक नाबालिग चौथी क्लास की बच्ची के साथ छेड़छाड़ किया। इस बात का उजागर तब हुआ जब छात्रा दो दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। परिजनों द्वारा स्कूल जाने को दबाव बनाएं जाने के बाद बच्ची ने आपबीती घटना को सुनाई। यह बात सुनते ही परिजनों सहित आसपास के लोगों का गुस्सा फुटा और भदानीनगर ओपी परिसर पहुंच शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### खलारी में गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** जिले के खलारी में अक्टूबर माह में अपराधियों ने शंकर महतो के पुरनी राय स्थित घर पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। इस गोलीबारी कांड में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर खलारी थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार अपराधियों में सोनालाल महतो और दीपक कुमार शामिल हैं। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। पूछताछ में बताया कि दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। बताया कि पहले दो लोगों ने शंकर महतो की रैंकी की थी। जब शंकर और अन्य गांव वाले पूजा क्रार्यक्रम में मंदिर गये थे तो दो बाइक पर चार लोग सवार होकर शंकर के घर गये और दरवाजे पर फायरिंग की। इसके बाद धमकी देकर वहां से भाग गये।

### एक्सचेंज आफॅर में होंडा मोटरसाइकिल




**मुरी :** सिल्ली ट्विंकल होंडा द्वारा स्टेडियम के पास एक्सचेंज आफॅर सह मेला लॉन लगाया गया है। जिससे पुराने बाइक एक्सचेंज कर निशुल्क फुल टंकी तेल एवं हेलमेट दिया जा रहा है। कम से कम डाउन पेमेंट में फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। बजट के हिसाब से होंडा गाड़ी देखें और आज ही बुक कराए। शुक्रवार को बंगाल ईलु से दुखी महतो ने होंडा की नई गाड़ी आफॅर में लिया। एक्सचेंज आफॅर में संचालक राजेश अग्रवाल, रोहित, अमित,शमीम, अनिल,राजु जुड़े हुए हैं।

#### ऑपरेशन सतर्क के तहत हटिया स्टेशन से चार व्यक्ति गिरफ्तार

# प्रतिबंधित शराब की 94 बोतलें बरामद बिहार में खपाने की थी तैयारी

मेट्रो रेज




**रांचीः** राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर आरपीएफ के जवान उस वक्त दंग रह गए, जब उन्होंने 4 संदिग्ध को देखा और उनको हिरासत में लिया। आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रांची मंडल में शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान ऑपरेशन सतर्क चलाया जा रहा था।

संदेह के आधार पर 4 लोगों को आरपीएफ ने लिया हिरासत में: आरपीएफ पोस्ट हटिया के निरीक्षक रूपेश कुमार, उपनिरीक्षक दीपक कुमार और फ्लाइंग टीम रांची ने कल शाम हटिया रेलवे स्टेशन के 3 नंबर प्लेटफॉर्म पर 4 व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखा। संदेह के आधार पर सभी 4 लड़कों को हिरासत में ले लिया गया।

पिट्ठू बैग से मिली प्रतिबंधित शराब की 94 बोतलें: आरपीएफ के जवानों ने उनके पिट्ठू बैग की जांच की, तो पता चला कि उसमें प्रतिबंधित शराब की 94 बोतलें थीं। इनका नाम-पता पूछने पर जो जानकारी मिली, उससे आरपीएफ के जवान दंग रह गए। ये सभी 17 से 21 साल की उम्र के थे। झारखंड से शराब खरीदी थी और बिहार में इसको खपाने की तैयारी कर रहे थे। यानी सभी शराब की तस्करी में लिप्त थे।

**नाबालिग सहित सभी 4 बिहार के:-**

..1- शिवम कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता का नाम - अशोक पासवान, निवासी- केसाबे थाना- बरौनी, जिला- बरौनी, बिहार

2-गुड्डु कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता का नाम - लालटुन तांती, निवासी-वार्ड नं 14, सोबरा, जिला- बरौनी, बिहार

3-अमन कुमार, उम्र -17 वर्ष, पिता का नाम -अमरजीत पासवान, निवासी-वार्ड नंबर 02, पन्नापुर, थाना-मटियानी, जिला बेगूसराय, बिहार


4-अंकुश कुमार, उम्र - 21 वर्ष, हसपुरा, औरंगाबाद, बिहार

**शराब की बोतलें लेकर बिहार जाने की थी तैयारी:** पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों ने बताया कि बरामद अवैध शराब वे ट्रेन संख्या 18105 (राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस) और 18624 (हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस) से बिहार ले जा रहे थे। बिहार में शराब की सप्लाई करनी थी।

**बरामद शराब का मूल्य 1.16 लाख रुपए:** एएसआई आर शेखर ने बरामद अवैध शराब की बोतलें जब्त कर लीं हैं। 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। 20 दिसंबर को सभी को जब्त की गई सामग्री के साथ आगे की कार्रवाई के लिए राज्य उत्पाद शुल्क रांची के हवाले कर दिया गया। जब्त की गई अवैध शराब की कुल कीमत 1,16,000 रुपए है।

## विधायक की पहल पर सुनील महतो स्टेडियम में पहली बार होगा सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन

### बालीवुड स्टार साहिल खान होंगे मुख्य आकर्षण का केंद्र



**सिल्लीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा और सिल्ली विधायक की पहल पर पहली बार शहिद सुनील महतो स्टेडियम सिल्ली में 9 जनवरी को एकदिवसीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता, बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिपखेल का आयोजन किया जा रहा है । इस खेल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य एवं संपूर्ण भारत के बॉडीबिल्डर पुरुष एवं महिला खिलाड़ी अपनी खेल का प्रदर्शन करेंगे , कार्यक्रम के गेस्ट बालीवुड स्टार एवं बॉडीबिल्डर साहिल खान स्टाइल फिल्म के हीरो मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो विशिष्ट अतिथि खेल मंत्री झारखंड सरकार एवं तमाड़ खिजरी विधायक राजेश कश्यप कांके विधायक सुरेश बैठा एवं रामगढ़ विधायक ममता देवी व अन्य मौजूद रहेंगे। जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा फलहारी महतो एवं आयोजनकर्ता इरशाद सिद्दीकी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



### आदिवासी रेलवे परिवार ने किया क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**मुरीः** क्रिसमस गैदरिंग के माध्यम से माता मरियम के जीवनी को प्रदर्शित किया गया व प्रभु यीशु के जन्म और संघर्ष की कथा को नाटकीय ढंग स्त्र प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस कार्यक्रम में लोको पायलट,स्टेशन मास्टर ने आधुनिक नागपुरी क्रिसमस सॉन्ग प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्य रूप से सुबोध मिंज,शिबू पहान,अरुण भगत,व हटिया से आए मेहमान शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन निरंजन बाघवार एवं सुबोध मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### सड़क के किनारे अलाव ताप रहे दो लोगों को वाहन ने कुचला

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद के जपला-मोहम्मदगंज मुख्य पथ के सबनवां गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। मौत के बाद उग्र लोगों ने रोड जाम कर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम सड़क किनारे कुछ ग्रामीण अलाव ताप रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित वाहन सभी को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरा। इस दुर्घटना में अलाव ताप रहे दो युवकों में 20 वर्षीय अरशद खान और 21 वर्षीय आसिफ खान की मौत हो गई। जबकि दो अन्य जहांगीर खान व हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया जा रहा है। वहीं गाड़ी का ड्राइवर फरार हो गया। लेकिन गाड़ी में बैठे व्यक्ति को ग्रामीणों ने जमकर पीटा। इस हादसे से उग्र ग्रामीणों ने जपला-मोहम्मदगंज पथ को जाम कर दिया। मोहम्मदगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि अनियंत्रित गाड़ी पहले खड़ी बाइक और स्कूटी को रौंदी फिर अलाव ताप रहे लोगों को भी रौंद दिया।



### पुलिस ने एंटी ड्रग्स के तहत चलाया वाहन जांच अभियान

**तोपचांची :** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर तोपचांची पुलिस ने शुक्रवार की शाम तोपचांची चौक पर एंटी ड्रग्स के तहत वाहन चोकिंग अभियान चलाया। उधर से गुजरने वाले हर वाहन को रोक कर जांच की जा रही थी। इसी दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी रोक कर पुलिस के अभियान की प्रशंसा की और जवानों से हाल-चाल पूछा। कहा कि इतनी ठंड में भी जवान अपनी ड्यूटी को बखूबी निभा रहे हैं। वाहन जांच अभियान में तोपचांची थाना के एएसआई शैलेंद्र राम सहित अन्य जवान शामिल थे।

### खलिहान में लगी आग, हजारो का पुआल जलकर खाक



**मेदिनीनगर :** खलिहान में आग लगने से कई किसानों के पुआल जल गए। घटना शाम की पाटन प्रखंड के किशनपुर गांव की है। जहां पुआल में आग लगी गई। किसानों के द्वारा खलिहान में रखे पुआल में आग लगने से उन्हें काफी नुकसान हुआ। इसमें किसान सीटू साब, विजय साब, मनोज पटवा व जयश्री साव के पुआल रखे थे। आग की खबर फैलने पर लोग जुटे। तब मुखिया सुमन गुप्ता के द्वारा दमकल भेजा गया। अग्निशमन के कर्मी परिमल प्रमाणिक, दिनेश कुमार व मोहन मोहली पहुंचकर आग पर काबू पाय।

## रांची- अजमेर स्पेशल ट्रेन का परिचालन मार्च तक बढ़ाया जायेः चेंबर अध्यक्ष



**रांची :** चेंबर ऑफ कॉमर्स ने हटिया डीआरएम को पत्र लिखकर रांची- अजमेर स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 09620) का परिचालन मार्च 2025 तक बढ़ाने की मांग की है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी व डीआरयूसीसी के प्रतिनिधि संजय अखौरी ने शुक्रवार को डीआरएम को भेजे पत्र में कहा है कि रांची-मदार (अजमेर) स्पेशल ट्रेन शुरू होने से रांची से जयपुर आवागमन करनेवाले यात्रियों को काफी सुविधा हुई है। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। वर्तमान में रांची से जयपुर आवागमन के लिए एकमात्र यही ट्रेन उपलब्ध है। ऐसे में इस ट्रेन का परिचालन मार्च 2025 तक बढ़ाया जाय। चेंबर अध्यक्ष ने ट्रेन संख्या 08185 हटिया-दुर्ग स्पेशल का परिचालन 27 मार्च 2025 तक बढ़ाने के लिए डीआरएम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि नये वर्ष में शादी-विवाह का सीजन भी समीप है। ऐसे में हटिया-दुर्ग स्पेशल की तरह रांची-मदार (अजमेर) स्पेशल ट्रेन का परिचालन भी मार्च 2025 तक बढ़ाने के लिए रेल मंडल पहल करे।

### झारखंड में बढ़ेंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया । मंत्री ने मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों तक पहुंचाने की बात कही । मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिचौलिये सक्रिय हैं । ऐसे में पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है । उन्होंने राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करने की बात कही । ताकि बिचौलियों के सिंडिकेट को समाप्त कर पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध एकत्रित किया जा सके । शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्तमान में तीन लाख लीटर दूध कलेक्शन हो रहा है, लेकिन बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन है । बाजार के डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरी कर

मंत्री ने कहा कि पशुपालन के जरिये महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं । मंत्री ने बताया कि मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है । आज वह दूध बेचकर प्रति माह 2 लाख रुपये तक का आय हासिल कर रही है।

# सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज और महिलाओं से बदसलूकी करने का आरोप

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर सिख परिवार के घर पर जबरन घुसकर गाली-गलौज और महिलाओं के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगा है। थाना क्षेत्र के बजरा स्थित सर्वेशवरी नगर की रहने वाली परविंदर कौर नाम की महिला ने थाना प्रभारी पर यह आरोप लगाया है। महिला ने रांची एसएसपी से इसकी शिकायत भी की है और इसकी कॉपी डीजीपी को भी दी है।

**महिला ने नशे में धुत होकर जबरन घर में घुसने का लगाया आरोपः** महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि बीते 19 दिसंबर की रात उसके घर के गेट पर जोर से पीटने की आवाज आयी। जब वह बाहर निकलीं, तो उन्होंने देखा कि



नशे में धुत सुखदेवनगर थाना प्रभारी मनोज कुमा, अपने सहकर्मियों और विनीत खत्री (मेट्रों गली सतु रोड निवासी) के साथ जबरन उसके घर में घुस आये। आरोप लगाया कि सभी ने उनके साथ, उनके पति, देवर और छोटी बहन के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला ने यह भी कहा कि विनीत खत्री ने उनके साथ छेड़खानी की। इसके अलावा थाना प्रभारी और उनके साथियों ने उनके पति और देवर की पगड़ी भी खींचकर फेंक दी। महिला ने अपनी शिकायत के साथ इस घटना का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराया है।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि विनित खत्री की बहन अरतीका खत्री ने बीते 29 अप्रैल को सुखदेवनगर थाना में मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया और मेरे ससुर गजेंद्र सिंह लोहिया के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सुखदेवनगर थाना कांड संख्या 227/2024 में अरतीका खत्री ने आरोप लगाया था कि उनके पति ने उसकी बेटी को छेड़ा और ससुर ने अभद्र व्यवहार किया हालांकि 29 मई को रांची के न्यायालय से उनके पति और ससुर को जमानत मिल गयी थी । महिला ने शिकायत में बताया कि जमानत के कागजात उसने उसी समय थाना में दे दिया था।

**आधार कार्ड जमा करने के लिए थाना से आया था फोन :** महिला ने बताया, अचानक 19 दिसंबर की सुबह 11 बजे सुखदेवनगर थाना से फोन आया कि थाने आकर अपना आधार कार्ड जमा कीजिये, आपका चार्जशीट जमा करना है। मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया करीब 12 बजे सुखदेवनगर थाना गये और दोनों का आधार कार्ड जमा करके आ गये। इसी दिन रात में करीब 11 बजे सुखदेवनगर थाना प्रभारी अपने सहकर्मियों और अरतीका खत्री के भाई विनित खत्री के साथ शराब के नशे में धुत होकर जबरन घर में घुसे और मार-पीट की। घर का सामान तोड़ा और मेरे पति और देवर को घसीटकर घर से बाहर निकाला और पगड़ी को भी खींचकर फेंक दी।



## बाल आयोग और डीएलएसए ने किया राजा नरपत सिंह बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**चक्रधरपुरः** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने चक्रधरपुर स्थित राजा नरपत सिंह बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया और कक्षा 10 की छात्राओं के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बच्चों के अधिकार की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें प्राधिकार के द्वारा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाओं के बारे में भी बताया। बाल आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने भी बच्चों को उनके करियर के प्रति मार्गदर्शन दिया और बाल सुलभ विभिन्न गतिविधियों के द्वारा लक्ष्य प्राप्त करने को प्रेरित किया साथ ही उन्हें मुश्किल हालात में रह रहे बच्चों के प्रति संवेदनशील और उनकी सहायता के लिए प्रावधानों के प्रति सजग भी किया।



## आशीर्वाद स्वस्ति का कैटरर्स मीट जेटीए से जुड़े कैटरर्स हुए शामिल

**रांचीः** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन और आशीर्वाद स्वस्ति के संयुक्त तत्वावधान में कैटरर्स मीट का आयोजन शनिवार को लालपुर स्थित होटल ग्रीन पार्क में हुआ। इस कैटरर्स मीट में रांची से काम करने वाले कैटरर्स शामिल हुए। कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने सभी कैटरर्स का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन की ओर से कैटरर्स मीट के माध्यम से कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपडेट देने का प्रयास रहता है, ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिल सके।

वहीं, आशीर्वाद स्वस्ति से जुड़े पदाधिकारियों ने आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति से जुड़े प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी और कैटरर्स को जागरूक किया। इस अवसर पर झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता राहुल कुमार कश्यप समेत अन्य कैटरर्स बंधुगण मौजूद थे।

## रांची विवि अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता

**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबले खेला गया। बीएस कॉलेज लोहरदगा के क्रिकेट मैदान में एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज ने सेमीफाइनल मुकाबले को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को दोनों टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगे। बता दें पिछले सत्र में भी एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज फाइनल में पहुंची थी, जिसमे बीएस कॉलेज ने बाजी मारी थी।शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल एसएस मेमोरियल और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया। एसएस मेमोरियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 160 रन बनाए। टीम की ओर से आशीष ने 58 रन बनाए।

## शहीद पत्रकार पवन शर्मा को पुण्यतिथि पर पत्रकार बिनय मिश्रा ने दी श्रद्धांजलि

ज्योति पाठक

**चक्रधरपुरः** शहीद पत्रकार पवन शर्मा की पुण्य तिथि पर वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा ने उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। शहीद पत्रकार पवन शर्मा की 20 दिसम्बर 1989 को हत्या कर दी गयी थी। शहीद पत्रकार पवन शर्मा की 34वीं पुण्य तिथि पर वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा ने कहा कि आज भले ही शहीद पत्रकार पवन शर्मा हमारे बीच नहीं हैं किन्तु उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में दिये गये योगदान आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। पत्रकारों की कलम





में वह शक्ति होती है कि वह जनवाणी बनकर लोगों को संदेश देने के साथ-साथ उनमें बेहतर परिस्थिति और वातावरण भी उत्पन्न करते हैं। लोकतंत्र के चैथे स्तंभ की निर्भिक्ता और डंटकर अपनी बात कहने की क्षमता रखने वाले पत्रकारों की जीवन का मुल्य उद्देश्य निर्भिक्ता और निडरता है। आज भी हम पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी जवाबदेही का निर्वहन बेहतर ढंग से करें और यह हमारा मूल उद्देश्य भी हो। जब शहीद पत्रकार पवन शर्मा की हत्या हुई थी तब पत्रकारों की एकजुटता और अविभाजित बिहार के समय यह मामला और मुद्दा बिहार विधानसभा तक पहुंचा था जो निश्चित तौर पर पत्रकारिता की एक उत्कृष्ठ उदाहरण भी रही।

## एचएम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**रांचीः** एचएम पब्लिक स्कूल का 25वां वार्षिकोत्सव सह सिल्वर जुबली वर्ष 22 दिसंबर लोअर चुटिया स्थित स्कूल प्रांगण में दिन के 2 l30 बजे से मनाया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि संजय सेठ होंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि अजय नाथ शाहदेव पूर्व उप महापौर,डॉ मुकुन्द चंद्र मेहता, कुलानुशासक, रांची विश्वविद्यालय, छात्र कल्याण विभाग के डॉ सुदेश कुमार साहू,डॉ विष्णु चरण महतो, प्राचार्य, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, डॉ विनय भरत विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, रांची रहेंगे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यो के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: Tender No. ELCJP/All-CNA/DL/T/18/24-25 1. कार्य का नाम : दोहरीकरण कार्य के संबंध में अजमेर डिवीजन, एनडब्ल्यूआर के अजमेर-चंदेरिया खंड (178.28 आरकेएम) में 2x25 केवी ओएचई प्रणाली के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1506343645.00 3. बयाना राशि जो जमा करनी है ₹7681700.00 4. कार्य पूर्ण होने की तिथि : 18 Months 5. निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय : 15.01.2025 Upto 15.00 Hrs. 15.01.2025 at 15.30 Hrs. 6 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:- www.ireps.gov.in

1467-DK/24

## दंत शिविर मे 19 मरीजों की हुई जांच



**रांचीः** किशोर डेंटल एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान मे आज फ्री डेंटल चिकित्सा शिविर का आयोजन हरमू रोड,किशोर किशोरगंज रोड नंबर 5 हनुमान मंदिर के निकट संपन्न हुआ। जिसमें डेंटल सर्जन डॉ।ललित किशोर एवं डॉक्टर शेख शाहीन ने मुख एवं दंत से पीड़ित 19 मरीजों की निःशुल्क जांच कर निःशुल्क दवाइयां एवं ठंड के मौसम मे दंत रोग से बचने की परामर्श भी दिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया। मौके पर डॉक्टर ललित किशोर ने कहा सेवा ही पुण्य कार्य है अगर जरूरतमंद लोगों के दांत में जरा भी तकलीफ हो तो इसे नजर अंदाज न करें तुरंत डेंटल सर्जन से संपर्क करें और अपनी तकलीफ बतलाएं। आज के इस शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से संजय सिन्हा,कार्तिक वर्मा,संतोष कुमार श्रेयांश,सोनू कुमार,दीपक राणा,अशोक शर्मा,विनोद कुमार चौधरी,उर्वी कुमारी,नूतन देवी एवं छात्र क्लब चिकित्सा मंच के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में आये लोगों के बीच टूथपेस्ट एवं माउथवॉश वितरण के कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आलोक हत्याकांड का खुलासा

## एसआईटी ने 48 घंटे के भीतर मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रांची/जमशेदपुर :** कदमा थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर 2024 को हुए गोलीकांड में एसआईटी(स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) ने 48 घंटे के भीतर मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मृतक आलोक कुमार भगत की हत्या के आरोप में पुलिस ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। घटना की प्राथमिकी वादी मनोज कुमार भगत ने कदमा थाना में दर्ज कराई थी। इसमें शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-4 निवासी 6 लोगों को आरोपी बनाया गया। घटना के बाद



वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा (23), विशाल कुमार उर्फ भीक बाबा (21), पंकज साव (19), शक्ति विगर और विकास सिंह को गिरफ्तार किया। इनके पास से 3 देसी कट्टा, 1 जिंदा गोली और 3 खोखे बरामद किए गए। मुख्य आरोपी आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा का आपराधिक इतिहास पहले से भी रहा है। पुलिस उसकी आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है। छापेमारी में पुलिस उपाधीक्षक निरंजन कुमार तिवारी और मनोज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया। टीम में थाना प्रभारी संजय सुमन, कुमार सरयू आनंद, तकनीकी शाखा के अधिकारी प्रेमकांत मिश्रा समेत कई पुलिसकर्मी और गृहरक्षक शामिल थे। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करें। यह घटना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और कानून व्यवस्था की मजबूती को दशार्ती है।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि अपहृत / लापता महिला मंगरी हस्सा, उम्र लगभग 36 वर्ष, पे0-वीर सिंह मुण्डा, सा0-गड़ामड़ा, थाना-मारंगहादा, जिला-खूँटी वर्ष 2004 में सुलेमान हस्सा, सा0-गड़ामड़ा, थाना-मारंगहादा, जिला-खूँटी के साथ बिना बताये कहीं चली गयी है। जो अबतक घर वापस नहीं लौटी है। मंगरी हस्सा की खोजबीन हेतु हुलिया दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने की कृपा की जाय, ताकि मंगरी हस्सा का खेजबीन / पता लगाया जा सके।

मंगरी हस्सा का विवरणी:-
1. नाम-मंगरी हस्सा।
2. उम्र-लगभाग 36 वर्ष।
3. पता- मंगरी हस्सा, पे0-वीर सिंह मुण्डा, सा0-गड़ामड़ा, थाना-मारंगहादा, जिला-खूँटी।
4. रंग -साँवली।
5. उचाई-लगभग 4 फीट 8 इंच।
6. बाल-काला, माध्यम।
7. पहनावा-टॉप-स्कर्ट, सलवार-सूट।
8. हिन्दी, सादरी, मुण्डारी।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मंगरी हस्सा के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें।



पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116
पुलिस उपाधीक्षक(मु0), खूँटी - 8102091180
थाना प्रभारी, AHTU - 9123253430
डी0सी0बी शाखा, खूँटी - 9279209561

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी

PR 342532 (Police)24-25*D

# भाजपा किसान मोर्चा ने राज्य के सभी उपायुक्त कार्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### सरकार द्वारा यदि किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नहीं किया गया तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन

संवाददाता

**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के निदेर्शानुसार झारखंड के सभी जिला उपायुक्त कार्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

इसी निमित्त रांची ग्रामीण जिले के प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक ज्ञापन रांची उपायुक्त महोदय को सौंपा गया। इस प्रतिनिधि मंडल में विशेष कर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, राजेश कुशवाहा, महामंत्री अजय मुंडा, प्रदेश पदाधिकारी सफदर अली, हरिशंकर तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पशुपति सहदेव, पंचम महतो, पुरुषोत्तम गोस्वामी के साथ अन्य मोर्चा के पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने के पहले हेमंत सोरेन जी का चुनावी वादा था कि झारखंड में जब फिर से हमारी सरकार बनेगी तो हम किसानों को



धान खरीदी प्रक्रिया को न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रूपये प्रति क्विंटल पर खरीदी करेंगे, धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, किसान अनुकूल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा। पर जब उनकी सरकार बन गई तो वादा खिलाफी करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य रु 3200 से घटाकर 2400रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया? साथ हीं मॉइश्चर (नमी)के नाम पर 10 से 15 किलोग्राम प्रति क्विंटल कटौती किया जा रहा है? जिससे किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। हम सरकार को याद दिलाना चाहते हैं कि जो आपने चुनावी वादा में 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी की बात की है उसे 2400 रु प्रति क्विंटल न देकर किसानों की हित में उसे यथावत रु 3200 प्रति क्विंटल पर खरीदी किया जाए? नमी के नाम पर 10-15 केजी की जो कटौती की जा रही है उसे न्यूनतम से न्यूनतम किया जाए? किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, किसानुकुल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए? किसान हमारे देश और राज्य के रीढ होते हैं, वह देश के अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत के बिना राज्य की खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में किसानों का उत्साह टूट रहा है, और यह स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसलिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों मोर्चा जिला अध्यक्ष के अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा धान प्रक्रिया में किसानों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने, व चुनावी वादा पूरा करने हेतु, उपायुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। हम मुख्यमंत्री से आग्रह पूर्वक मांग करते हैं कि इन समस्याओं का समाधान तत्काल सुनिश्चित करें, जनहित में आपकी सकारात्मक पहल का सभी किसान बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम किसानों के हितों की रक्षा के लिए राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उक्त जानकारी भाजपा (किसान मोर्चा ) प्रदेश प्रभारी सुनील सिंह द्वारा दी गयी।

## नव वर्ष को लेकर मैंप का संगीतमय कार्यक्रम 23 को

**रांचीः** नव वर्ष और क्रिसमस को लेकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स में मेरी आवाज मेरी पहचान की एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें 23 दिसंबर को होने वाले संगीतमय कार्यक्रम को लेकर चर्चा कि गई । उस दिन मेरी आवाज में पहचान की उपलब्धियां भी बताई जाएगी ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला**

"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"

संख्या -29 / 2024-25

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 28.12.2024 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.12.2024 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.12.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.- 01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of Boundary Wall in Campus of Nursing Kaushal Mahavidalaya, Gumla District Gumla for the Year 2024-25 | 8,30,400.00 | 16,700.00 | 1250.00 | 3 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल, गुमला

PR 342541 Building (24-25)_D

## सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

## कला की त्रिवेणी

मूर्त और अमूर्त चित्रण- दोनों विधाएं कला के क्षेत्र में विशेष महत्व रखते हैं। परंपरागत से आधुनिक कला तक में पारंगत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार ज्ञानेंद्र कुमार उत्तराखंड की पहचान हैं। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) के मुख्य कलाधिकारी पद से सेवानिवृत्त ज्ञानेंद्र कुमार चित्रकला, मूर्तिकला और काव्य कला की त्रिवेणी के रूप में उत्तराखंड की कीर्ति विश्व भर में फैला रहे हैं। ज्ञानेंद्र कुमार का जन्म 1 जून 1941 को हुआ था। ज्ञानेंद्र कुमार हिन्दी, अंग्रेजी और बांग्ला तीनों भाषाओं के अच्छे जानकार हैं और तीनों भाषाओं में साहित्य रचना का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ कला को व्यावसायिक रूप से जन सामान्य में प्रस्तुत करना उनकी विशिष्टता है। 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आयी बाढ़ तथा इस विविषिका पर बनी उनकी लंबी कलाकृति वर्षों तक चर्चा का विषय रही है। ज्ञानेंद्र कुमार ने एमए दर्शनशास्त्र करने के बाद विश्व भारतीय विश्वविद्यालय शांति निकेतन से ललितकला का डिप्लोमा प्राप्त कर अपनी कला साधना प्रारंभ की। वन अनुसंधान संस्थान के मुख्य कलाधिकारी रहते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ललित कला ग्रीष्म अकादमी, आस्ट्रिया में अमूर्त चित्रकला संगोष्ठी में भाग लिया। मूर्तिकला एवं चित्रकला की नई संभावनाओं पर अध्ययन हाईवैकम कॉलेज आफ आर्ट टैक्नोलॉजी इंग्लैण्ड से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। विश्वविख्यात वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में मुख्य चित्रकला अधिकारी (वर्ष 1965 से 2001 तक) रहते हुए उन्होंने संस्थान को कला के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देने का काम किया और वैज्ञानिक वानिकी में कला का योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विशेष कार्य किया। उनके इन्हीं महत्वपूर्ण कृत्यों के कारण उन्हें उत्तरांचल कला परिषद उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया जहां उनका लक्ष्य है कि वह उत्तराखण्ड में आधुनिक कला प्रवृत्तियों से कला प्रेमियों को परिचित कराने के साथ साथ प्रदर्शिनियां के माध्यम से लोगों को जागृत कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र कुमार के चित्रों और मूर्तियों का मुख्य विषय नारी संसार रहा है। उनके कई चित्रों को विशेष सम्मान मिला है,जिसमें उलझन नामक चित्र में नारी को पीले और कत्थई रंग से घूमती हुई तूलिका से उकेरा गया है जो अपने आप में विशेष है। इसी तरह अमूर्त चित्रण में प्रकाश की ओर कृति में चित्रकार ने प्रकाशीय रंगों का अद्धुत प्रयोग किया है। चित्र दुआ में चित्रकार ने समुद्री नीले रंगों का सार्थक उपयोग किया है। विश्वभारती शांति निकेतन से शिक्षा प्राप्त प्रख्यात चित्रकार, मूर्तिकार, संगीतकार एवं साहित्यकार, बहुमुखी प्रतिभा के धनी ज्ञानेंद्र कुमार अपनी कला के बल पर जिन विशिष्ट विभूतियों का आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं उनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा, राजीव गांधी, उपराष्ट्रपति डॉ. बीडी जत्ती, डा. भगवत शरण उपाध्याय, डॉ. हरिवंशराय बच्चन, रानी एलिजाबेथ तथा जार्ज बुश शामिल हैं। देश-विदेश में अपनी कला प्रदशर्नियों तथा संगीत संध्या के माध्यम से ज्ञानेंद्र कुमार ने लोगों का दिल जीता है। जिन प्रमुख स्थलों पर ज्ञानेंद्र कुमार की कला प्रदशर्नियां आयोजित की गई हैं उनमें भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद नई दिल्ली का नाम प्रमुख है। यहां निर्भयाकांड के समय ज्ञानेंद्र कुमार की नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी का सम्मान हुआ। संचार माध्यमों में इसका विशेष प्रसारण हुआ। ज्ञानेंद्र कुमार के कला जीवन पर आधारित साक्षात्कार दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारित होते रहते हैं। उनके प्रभात गीत कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में गाए जाते हैं। ज्ञानेंद्र कुमार ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि वे चित्रकला, मूर्तिकला और काव्य कला के माध्यम से समाज को प्रेरित करते हैं। जो बात सीधे नहीं कही जा सकती वह चित्रों और कला के माध्यम से आसानी से व्यक्त की जा सकती है। ज्ञानेंद्र कुमार मानते हैं कि समाज में लगातार परिवर्तन हो रहा है। यह विकास और परिवर्तन कई मायनों में अनूठा है लेकिन यह भी सच है कि आज लोगों को कला, साहित्य और मूर्तिकला क्षेत्र के बारे में न तो जानकारी प्राप्त करने का समय है और न ही लोग इस क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं जबकि कला संसार ही जीवन का यथार्थ स्वरूप है। कला के बिना यह संसार आधूरा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कला में अभिव्यक्ति की प्रधानता होती है। भारतीय कलाकार वाह्य सौंदर्य की अपेक्षा आंतरिक भावों के अंकन में अपने मन को अधिक लगाते हैं। शांति निकेतन से निकले छात्र-छात्राओं ने कला के माध्यम से समाज को झंकृत करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि समकालीन भारतीय कला का क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय और बहुत प्रयोगात्मक रहा है। इसमें अभी भी देश के लंबे और समृद्ध कलात्मक इतिहास के संदर्भ शामिल हैं।

# सच ही है, आंबेडकर जी सम्मान का विषय, फैशन के नहीं

आज आंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो उनका चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही उनका चित्र लग पाया था। भाजपा ने आंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया

**प्रवीण गुगनानी**

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही “दलित विमर्श” रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही “सामाजिक समरसता” के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। आंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में आंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व आंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव रही है, इसका परिणाम है कि मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने “समता नगर” रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव शिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे।

संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देशभर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, आंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री के इस वक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो आंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा- “हमे तो आनंद है कि आंबेडकर का नाम लेते हैं। आंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ आंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। आंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। आंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं”। शाह ने आगे कहा, आंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।” “उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। आंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।”

बार-बार संविधान और फैशन में डॉ. आंबेडकर का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में डॉ. आंबेडकर को प्रवेश तक न मिलने देने के षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन-केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। डॉ. आंबेडकर बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे, वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में इक्यावन प्रतिशत हिंदू बहुल क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया ताकि डॉ. आंबेडकर की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए। आज आंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो उनका चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही उनका चित्र लग पाया था। भाजपा ने आंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना के लिए गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया, जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था। कांग्रेस के दुष्प्रचार के विरुद्ध प्रधानमंत्री मोदी जी के इस ट्वीट (एक्स) का एक-एक शब्द एक-एक पुस्तक के बराबर है - देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी, आंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज तक भी नहीं आने देना चाहते थे। आंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के प्रयासों के पुरजोर विरोधी थे। आंबेडकर जी की पुस्तक “थॉट्स ऑन पाकिस्तान” में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि “मुस्लिम तुष्टिकरण” की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः “तुम उधर-हम इधर” की नीति अपनाई जानी चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक “थॉट्स ऑन पाकिस्तान” में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा “यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा”। आंबेडकर जी के इन्हीं मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से “मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी” आंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार आंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में आंबेडकर जी की पराजय सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी आंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।आज जो कांग्रेस और अन्य दल आंबेडकर जी का नाम फैशन या सत्ता मोह में ले रहे हैं, उन्हें इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ लेना चाहिए कि आंबेडकर जी केवल और केवल सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं!

**(लेखक, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार हैं।)**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में वजूद बचाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटें कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीती। कांग्रेस को 18 .50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थक वोटों पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। वैसे आआपा के लिए यह तो खतरा बना ही हुआ है कि अगर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ी तो आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी ।

**मनोज कुमार मिश्र**

करीब दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने वजूद बचाने के लिए हर प्रयास करती दिख रही है। आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनाव में तालमेल न करने के ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी अपने दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं आआपा के तरह चुनाव की तारीख घोषित हुए बिना 70 में से 21 सीटों पर अपने मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। उसमें अरविंद केजरीवाल के सामने नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया गया है। अभी तक यही माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुकाबला आआपा और भाजपा के बीच ही मुख्य रूप से होगा। सालों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस 2013 यानी आआपा के वजूद में आने के बाद से ही लगातार हाशिए पर सिमटती जा रही है। लगातार 15 साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित 2013 का विधानसभा चुनाव न केवल खुद हारी बल्कि कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट और केवल आठ सीटें मिली। 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे कोई सीट नहीं मिली और उसका वोट औसत घटकर 9.71 फीसद रह गया। इतना ही नहीं उसे 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 4.26 फीसद वोट मिले।

अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटें कांग्रेस और चार आआपा लड़ी। चुनाव में सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थक वोटों पर दिल्ली में राज कर रही आआपा को लग रहा है कि उसके साथ तालमेल करने से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। वैसे आआपा के लिए यह तो खतरा बना ही हुआ है कि अगर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ी तो आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। अब यह सार्वजनिक हो गया है कि जिस आआपा को कांग्रेस ने भाजपा के मध्यमवर्गीय लोगों का समर्थन लेकर भाजपा को कमजोर करने के लिए तन-मन और धन से सहयोग किया था,उसी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थक माने जाने वाले कमजोर वर्गों,अल्पसंख्यक और पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि के मूल निवासी) के प्रवासियों को अपना स्थाई वोटर बना लिया। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अल्पसंख्यकों ने गलतफहमी में कांग्रेस को वोट दिया। तब उन्हें लगा कि भाजपा को कांग्रेस हरा रही है। उसके बाद के दोनों चुनावों में इस वर्ग ने आआपा को वोट किया। कांग्रेस इस चुनाव में इस वर्ग को अपने साथ लाने के प्रयास में लगी हुई है।

कट्टर धार्मिक छवि वाले उत्तराखंड के मंगलोर के विधायक काजी निजामुद्दीन दिल्ली के प्रभारी,राजस्थान के पूर्व विधायक दानिश अबरार सह प्रभारी और टिकटों की छानबीन समिति में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के साथ सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद हैं। दिल्ली में मुस्लिम आबादी अब 12 से बढ़कर अब 15 फीसद से ज्यादा हो गई है। 70 में से 17 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता 20 फीसद से ज्यादा हैं। इनमें सीलमपुर, मटिया महल, बल्लीमरान, ओखला, मुस्तफाबाद, किराड़ी, चांदनी चौक, गांधीनगर, करावल नगर, विकास पुरी, ग्रेटर कैलाश, कस्तूरबा नगर, बाबरपुर, मोतीनगर, मालवीय नगर, सीमापुरी और छत्तरपुर शामिल हैं। इसी तरह 12 अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी कांग्रेस ने पूरी तैयारी की है। दलितों में कांग्रेस का कुछ असर अब भी बचा है। पूर्वांचल के प्रवासी दिल्ली में सालों कांग्रेस का साथ देकर उसे सत्ता दिलाते रहे। दिल्ली के 70 में से 42 सीटों पर पूरबियों(पूवार्चंल के प्रवासी) का वोट 20 फीसदी से ज्यादा है। यह तीनों और दिल्ली के गांव का एक वर्ग अगर कांग्रेस से जुड़ जाए तो उसके पुराने दिन लौट आ जाएंगे। कांग्रेस के पास आज की तारीख में कोई बड़ा पूरबिया नेता न होने से उसकी फिर से इस वर्ग में पैठ होने में कठिनाई हो रही है। जो गलती 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने किया,वह दोहराना नहीं चाहती। तब उम्मीदवार कमजोर नहीं थे लेकिन जयप्रकाश अग्रवाल के अलावा दोनों पार्टी में नए थे। इसके चलते पार्टी में भारी विद्रोह हो गया था। कांग्रेस के नेता चतर सिंह कहते हैं कि जो पद पाने के लिए दूसरे दलों में गए उनमें काफी को निराशा हाथ लगी है और बाकी की भी वही गति होनी है। अब ऐसा कुछ होनेवाला नहीं है।

2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई। शीला दीक्षित 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। 2013 विधानसभा चुनाव की हार के बाद पार्टी बिखरती गई। 2015 के चुनाव के समय प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन 2019 के लोक सभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने भारी विरोध किया। समझौता न होने पर भारी मन से अजय माकन नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। वे भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी।

2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पहले बिहार मूल के नेता कीर्ति आजाद को प्रदेश अध्यक्ष बनाना तय किया गया। वे पहले भाजपा के दिल्ली से विधायक और बिहार से सांसद थे। अचानक वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा को अध्यक्ष और आजाद को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बना दिया गया। गुटबाजी में आजाद अलग-थलग हो गए,उन्हें दिल्ली कांग्रेस दफ्तर में नियमित बैठने के लिए कमरा तक नहीं दिया गया। बाद में चुनाव नतीजों के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और तृणमूल कांग्रेस में शामिल होकर लोकसभा के सदस्य बन गए। उस विधानसभा चुनाव के कुछ समय बाद कांग्रेस के पूर्वांचल के सबसे लोकप्रिय चेहरा रहे पूर्व सांसद महाबल मिश्र भी कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हो गए। इस बार आआपा ने उन्हें पश्चिमी दिल्ली से लोक सभा उम्मीदवार बनाया। उनके पुत्र विनय मिश्र पहले से ही आआपा में शामिल होकर विधायक और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष बने हुए हैं। इस बार भी विधानसभा चुनाव में आआपा ने विनय मिश्र को उम्मीदवार बनाया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और कांग्रेस का वोट औसत घटकर पांच से नीचे हो गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में शीला दीक्षित के निधन के बाद चौधरी अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने। लवली थोड़े ही समय भाजपा में रहकर कांग्रेस में लौट आए और 2019 का लोक सभा चुनाव पूर्वी दिल्ली सीट से मजबूती से लड़े।

# अखुरथ गणेश चतुर्थी व्रत से जीवन में आती है सुख-समृद्धि

**अध्यात्म**

अखुरथ गणेश चतुर्थी व्रत है, संकष्टी के दिन गणपति की पूजा करने से घर से नकारात्मक प्रभाव दूर होते हैं और घर की सारी विपदाएं दूर हो जाती हैं तो आइए हम आपको अखुरथ गणेश चतुर्थी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। कल यानी बुधवार, 18 दिसंबर को पौष मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी है। इस दिन गणेश चतुर्थी व्रत किया जाएगा। इस दिन भक्त दिनभर निराहार रहते हैं, भगवान गणेश की विशेष पूजा करते हैं। भगवान की कथाएं पढ़ते-सुनते हैं और शाम को चंद्र दर्शन के बाद चंद्र पूजा और गणेश पूजा करके व्रत पूरा करते हैं। बुधवार और गणेश चतुर्थी के योग में भगवान गणपति के साथ ही बुध ग्रह के लिए भी विशेष पूजा-पाठ करनी चाहिए। संकष्टी चतुर्थी भगवान गणेश को समर्पित पर्व है। पंडितों के अनुसार इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने से सारी दुख-परेशानियां दूर होती हैं और जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। अखुरथ गणेश चतुर्थी व्रत से जुड़ी ये बातें रखें ध्यान धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी का व्रत रखने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखें, दिनभर निराहार रहें और भूखे रहना संभव न हो तो फलाहार करें। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें और गणेश पूजन करके व्रत पूरा करें। इस दिन जरूरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े, भोजन और दक्षिणा दान करें। गणेश चतुर्थी पर पूरे परिवार के साथ गणेश पूजा करने से घर में सुख-शांति और एकता बनी रहती है। हिन्दू धर्म में अखुरथ गणेश चतुर्थी का खास महत्व है इसलिए गणेश चतुर्थी व्रत के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद गणेश जी की मूर्ति या तस्वीर के सामने दीपक और धूप जलाएं। भगवान गणेश को जल, दूध, पंचामृत अर्पित करें। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। दूर्वा (दूब), लाल फूल, मोदक, गुड़ और नारियल चढ़ाएं। ऊँ गं गणपतये नमः मंत्र का जप करें। गणपति को दूर्वा की 21 गांठ चढ़ानी चाहिए। संकष्टी चतुर्थी के दिन आप शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश की पूजा करें। तिल के लड्डू और मोदक का भोग भगवान गणेश को लगाएं, ये दोनों ही चीजें विघ्नहर्ता को अति प्रिय हैं। इसके अलावा व्रती लोग व्रत शुरू करने से पहले व्रत का संकल्प जरूर करिए और सूर्यास्त के बाद पारण करें। इस दिन आप पूरा समय भजन कीर्तन करके भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। जानें पौष मास जुड़ी कुछ खास बातें

पौष मास हिन्दी पंचांग का दसवां महीना है। इस मास में सूर्य देव की विशेष पूजा करने की परंपरा है। इस माह में रोज सुबह सूर्योदय के समय स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्य से जुड़ा ये महीना धर्म लाभ के साथ स्वास्थ्य लाभ भी देता है।

## सेहत

### ग्लिसरीन देगा चेहरे पर चांद सा निखार

हम सभी अपने फेस की हर छोटी समस्या के लिए अलग-अलग ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। इन प्रोडक्ट की वजह से त्वचा पर रिएक्ट की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। वहीं फेस पर एजिंग साइन, एक्ने, डलनेस, फाइन लाइंस और ड्राईनेस जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि सिर्फ 50 रुपए के एक प्रोडक्ट की सहायता से आप इस सभी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। दरअसल, आज हम आपको ग्लिसरीन इस्तेमाल करने के 3 ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फेस से जुड़ी सभी समस्याओं को हर कर देगा। अगर आप ग्लॉसी स्किन पाना चाहते हैं, तो आपको इस इंग्रीडिएंट को अपने स्किन केयर में शामिल करना चाहिए। तो आइए जानते हैं कि आप ग्लिसरीन को किस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप ग्लिसरीन से फेस मसाज भी कर सकती हैं। इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लें और फेस पर अच्छे से मसाज करें। क्योंकि ये नॉन कॉमेडोजेनिक है, इसलिए पोर्स को ब्लॉक नहीं करता है। साथ ही आपकी स्किन में मॉइश्चर को भी एड करता है। वहीं अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप ग्लिसरीन में थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर फेस पर अप्लाई कर सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

सोहराय समिति की बैठक में संतलाल मरांडी ने कहा–

# पशुओं को श्रद्धा अर्पित करने का त्योहार है सोहराय

मेट्रो रेज

दुमकाः जिले के जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में समाजसेवी संतलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोहराय समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रखंड परिसर मैदान में सोहराय पर्व 5 जनवरी2025 को मनाया जाएगा. बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी श्री मरांडी ने कहा कि सोहराय पर्व पशुओं को श्रद्धा अर्पित करने का त्यौहार है अर्थात उनके साथ नाचने, गाने और खुशियां मनाने का त्यौहार है। इस



पर्व में पशुओं को नदी- तालाब में नहलाकर उनका श्रृंगार किया जाता है. सिंग में घी और सिंदूर लगाकर उन्हें सुंदर बनाया जाता है और दूसरे दिन गाजे -बाजे के साथ पशुओं को सड़कों और मैदानों में दौड़ाया जाता है। बैठक में प्रखंड सोहराय समिति के सभी सदस्य सहित मुखिया व अन्य मौजूद थे ।

## एससी-एसटी एक्ट से संबंधित आयोजित बैठक संपन्न

जामा : प्रखंड सभागार में प्रशिक्षु आईएएस सह प्रभारी बीडीओ अभिनव प्रकाश ने प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद् के सदस्यों के साथ एससी-एसटी अधिनियम से संबंधित बैठक की बैठक में मुख्य रूप से उन्होंने बताया कि अगर कोई भी एसटी-एससी परिवार के सदस्य को गैर



एसटी एससी परिवार के द्वारा उत्पीड़ित किया जाता है, गाली गलौज या भय उत्पन्न करता है तो वो एक्ट के दायरे में आयेगा। यदि कोई एसटी-एससी से जबरदस्ती छोटा काम यानी नाली साफ कराता है तो वो एक्ट के दायरे में आयेगा और एसटी-एससी एक्ट के तहत तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि इस मामले में ग्राम सभा में लोगों को जानकारी दें और प्रचार प्रसार करें। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान इन बातों की जानकारी अपने अपने गांव पंचायत में करेंगे। बताया कि गैर आदिवासी और गैर हरिजन एसटी एससी समुदाय के लोगों से कोई छोटा काम जोर जबरदस्ती नहीं कराया जा सकता है नहीं तो एक्ट के तहत कार्रवाई होगी । बैठक में प्रमुख बसंती ज्योतिका मुर्मू, उप प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद् सदस्य कालेश्वर सोरेन सहित सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## 24 दिसंबर तक आयोजित होगा सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर

मेट्रो रेज

**दुमकाः** सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंड के विभिन्न ग्रामों/पंचायतों में शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को दर्ज कराया जा रहा है। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया जा रहा है। 19 से 24 दिसंबर 2024 तक सभी प्रखंड में सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाना है। सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच एक सेतु का निर्माण करना है, जिससे जनसेवाओं की सुगमता सुनिश्चित हो सके। सभी ग्रामीणों से अपील भी किया गया है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं



की जानकारी प्राप्त करें। अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। यह अभियान सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने और पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर लगाए गए। 24 दिसंबर 2024 तक गांव-गांव शिविर लगाकर अधिकारी समस्याओं को निस्तारण कराएंगे।

## दुमका में पहली बार थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के बोन मैरो प्रत्यारोपण परीक्षण – पंजीकरण शिविर का आयोजन

मेट्रो रेज

**दुमकाः** नारायणा हेल्थ सिटी, बेंगलोर एवं माँ सेवा समिति ट्रस्ट तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्त्वावधान शुक्रवार को शहर के इंडोर स्टेडियम में बोन मैरो प्रत्यारोपण परीक्षण एवं पंजीकरण मेगा शिविर का विशाल आयोजन संपन्न हुआ। शिविर में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का एचएलए मैचिंग और बोन मैरो ट्रांसप्लांट रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया। जिन अभ्यर्थियों के भाई बहन उपलब्ध नहीं थे,उनके माता-पिता का परीक्षण किया गया। इस विशाल अभियान का उद्देश्य अत्यंत जटिल बोन मैरो प्रत्यारोपण प्रक्रिया हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन एवं सहायता प्रदान करना है। नारायणा हेल्थ सिटी, बंगलौर के सुप्रसिद्ध बोन मैरो



ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ.सुनील भट्ट जो अभी तक 2300 से ज्यादा सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं और उनकी टीम मरीजों और उनके परिजनों की जांच के लिए स्वयं उपस्थित थे। डॉ. सुनील भट्ट के टीम के अनुसार टेस्ट की रिपोर्ट जर्मनी से 3 महीने में आएगी, जिनका भी टेस्ट में मैचिंग हो जाता है उनका ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। सारा खर्च सरकार और संस्थाओं द्वारा उठाया जाएगा। डॉ सुनील भट्ट के टीम ने बताया कि इस शिविर से असहाय बच्चों को जीवन की नई आशा का संचार हुआ है क्योंकि जिनका भी सफल ऑपरेशन हो जाएगा उनको फिर कभी रक्त चढ़ाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

इस अद्भुत कार्यक्रम की गरिमा को माँ सेवा समिति ट्रस्ट के समर्पित पदाधिकारियों - अध्यक्ष रेखा देवी, सचिव भागवत भवेश, कोषाध्यक्ष अन्नु कुमारी,दुमका जिलाध्यक्ष राजेश कुमार चौरसिया ,अब्दुल अफरोज,गौतम गुप्ता, राहुल रक्षित,निशा कुमारी, बोकारो जिलाध्यक्ष राजकुमार महत्ता धनंजय कुमार,ने अपने संगठित एवं प्रतिबद्ध प्रयासों से उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचाया।इस मौके पर ब्लड बैंक दुमका से प्रभारी डॉ. अमित रंजन तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी से चेयरमैन डॉ.राजकुमार उपाध्याय ,सचिव डॉ.अमरेंद्र कुमार यादव ,वाईस चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार घोष , संयुक्त सचिव डॉ.सिकंदर कुमार , कोषाध्यक्ष अंजनी शरण , डॉ. एके. सिन्हा , सतीश कुमार ब्लड बैंक दुमका से प्रकाश दे, काजल कुमार सेन,एवं मेडिकल के छात्र छात्राये का काफी सहयोग मिला। साथ ही थैलेसीमिया रोगी के साथ काफी संख्या में उनके अभिभावक मौजूद थे।

## झारखंड विकास परिषद का बाल संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मेट्रो रेज

साहिबगंज/पतनाः प्रखण्ड सभागार में झारखंड बिकास परिषद के बैनर तले बाल संरक्षण,बाल श्रम में रोकथाम एवं ग्रामीण स्तर पर बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।उक्त कार्यशाला पतना प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।सभा मे पतना प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान की मौजूदगी में सामाजिक स्तर पर बाल श्रम पलायन बाल विवाह एवं बाल सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण को लेकर बाल बिकास परिषद के पदाधिकारियों ने अहम जानकारी साझा की और समाज में इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक प्रयास करने को लेकर चर्चा की और झारखंड बिकास परिषद की पतना सचिव शह परियोजना निदेशक ने सभा को सम्बोधित करते हुए संस्था के मुख्य उद्दश्यों और बाल संरक्षण को लेकर कहा कि सभी ग्राम प्रधानों का कर्तव्य है। कि ग्राम सभा के माध्यम से गाँव से अन्य स्थानों पर पलायन करने वाले लोगों एवं बच्चों का लेखा जोखा श्रम विभाग द्वारा दिये गए पंजी में अंकित



कर उसका लेखा जोखा रखे एवं लोगों को बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करें।ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर रोक लगाने के लिए बाहरी और आन्तरिक ढंग से सतर्कता बरतें।वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर बाल संरक्षण हेल्पलाइन 24/7 टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करें या स्थानीय पदधिकारियों को सूचित करें आवश्यक्ता अनुसार सहायता प्रदान की जाएगी।बाल विकास परिषद वर्तमान में 10 ग्रामों में कार्यक्रम के माध्यम से बाल सुरक्षा व संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रही है।हालांकि बाल विकास परिषद झारखंड के विभिन्न जिलों में बाल संरक्षण और सुरक्षा सहित बाल विवाह पर रोकथाम इत्यादि को लेकर कार्यशाला के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रही है।साथ ही कौशल कॉलेज पेन आई,आई,टी में वैसे बच्चियां जो माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण है। और आगे स्किल डेवलपमेंट से जुड़कर रोजगार में आगे बढ़ना चाहती है। वैसे छात्राओं को भी सरकार के योजनाओं के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा और कौशल आईटीआई होटल मैनेजमेंट इत्यादि की तैयारियाँ के साथ प्लेसमेंट कर रोजगार के साधन मुहैया कराई जायेगी।मौके पर पतना प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी,पतना प्रखण्ड बीपीओ समीर मुर्मू,बीपीओ ,पतना प्रखण्ड बीपीआरओ,झारखंड बिकास परिषद सचिव सुहासिनी सोरेन,कार्यक्रम समनव्यवक मनुरंजन सिंह ,जिला कॉर्डिनेटर शुभाजीत चंद्रा,एम ई एल सायिनी भंडारी,लक्ष्मी कुमारी जिला समनव्यवक कौशल कॉलेज पेन आईटीआई व दर्जनों ग्राम प्रधान सहित प्रखण्ड कर्मी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने प्राथमिक दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा निवासी मुकेश रजक अमित कुमार रिंकी देवी को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी मदन कुमार नहीं बताया कि बीते शुक्रवार को हाजीपुर दियारा में एक ही परिवार के लोग आपस में और जमकर मारपीट की जिसमें एक व्यक्ति भूप नारायण रजक की मौत हो गई । जबकि चार लोग घायल थे। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिक दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## पीड़िता ने मारपीट की शिकायत करायी दर्ज

साहिबगंज :जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के भवानी चौकी निवासी बीबी रवीना ने पुलिस को आवेदन देकर अपने व पति के साथ मारपीट करने व छिनतई करने की शिकायत की है। दिए आवेदन में बताया कि शुक्रवार को उसके पति अनवर व अकबर के साथ ताश खेल रहे थे। इस बीच उन लोग उसके पति को मारने पीटने लगे। चाकू से गले पर वार करने की कोशिश की। हल्ला सुनकर पति को बचाने गई ।तो उक्त लोगों में हंसुआ से मार कर उसे जख्मी कर दिया। वहीं अकबर ने उसके गले से सोने का हार व कान की बाली छीन ली। अनवर की पत्नी चांदनी खातून व अकबर की पत्नी सोनी खातून व उसकी मां गुलशन बीबी उसके पति के पॉकेट से 5000 रुपया छीन लिया। लोगों के जुटने पर सभी भाग गए।

## 22 दिसम्बर को आयोजित होगा क्रॉस कंट्री दौड़




मेट्रो रेज

दुमकाः 169वें संताल परगना स्थापना दिवस के अवसर पर गोटो भारोत सिदो कान्हू हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ, जिला ऐथेलेटिक्स संघ एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयूक्त तत्वावधान में परगनैत राम सोरेन मेमोरियल ट्रस्ट बोआरीजोर के प्रायोजन में रविवार 22 दिसम्बर 2024 को दुमका के अंबेदकर चौक से रन फार बेटर संताल परगना सूत्र वाक्य को चरितार्थ करने के लिए सुबह 7 बजे से पुरुष,महिला तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों के लिए क्रॉसकंट्री दौड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम 10 विजेताओं को क्रमशः 1500 सौ, 1200 सौ, 1000 सौ, 800 सौ, 600 सौ जबकि छठे से 10 वें स्थान पर आये प्रतिभागियों को 500 सौ एवं प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। मास्टर्स को जीतने पर कप के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। शुक्रवार को दुमका के इंडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने इस बात की जानकारी दी। बैठक में जिला ऐथलेटिक्स संघ के सचिव वरुण कुमार, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमायकांत झा,हैदर अलीअली, महेन्द्र प्रसाद साह,मदन कुमार, मनीष हेम्ब्रम,सनातन मुर्मू,सुलेमान मरांडी, राजीव कुमार सिंह व

# राष्ट्रपति से सम्मानित होना गर्व की बातः सांसद गिरधारी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/कजरैलीः** संत पथिक विद्यालय रतनगंज के स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं व शिक्षक को बाल दिवस के अवसर पर देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में देश भर से पहुंचे छात्र छात्राओं को राष्ट्रपति ने शिक्षा में उत्कृष्टता लाने, शिक्षा से देश के विकास में योगदान के लिए सम्बोधित किया था। इस कार्यक्रम में संत पथिक विद्यालय रतनगंज के स्काउट गाइड के छात्र अभिनव आनंद, आशीष कुमार, छात्रा अर्पिता भारती,चाहत मिश्रा, तथा स्काउट गाइड के शिक्षक गौरव कुमार सिंह, शिक्षक निरुपम कुमार बनर्जी को राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया था।



स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित मे राष्ट्रपति से सम्मानित छात्रों शिक्षकों के सम्मान में शुक्रवार को विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ । राष्ट्रपति से मिले छात्रों शिक्षकों के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बांका सांसद गिरधारी यादव और था सुल्तानगंज विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने शिरकत किया। कार्यक्रम में बोलते हुए बांका सांसद ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। स्कूल के छात्रों को राष्ट्रपति से सम्मानित होने पर उन्होंने क्षेत्र के लिए गर्व महसूस करने की बात कही। सुल्तानगंज विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुदुर गांव के छात्रों द्वारा गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा तथा पुरस्कृत छात्र छात्राओं को बधाई दिया। कार्यक्रम को स्कूल के वरीय शिक्षकों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर आकाशवाणी कलाकार विश्वेश्वर शर्मा के निर्देशन में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।मौके पर विद्यालय के संस्थापक दयानाथ बाबा, प्राचार्य विशाल कुमार झा, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## बाबा साहब पर की गयी टिपण्णी भाजपा के दोहरे चरित्र को दर्शाता हैः सत्यनारायण यादव

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला किया दहन**



**साहिबगंजः** केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए अमार्यादित भाषा का प्रयोग करने के विरोध में साहिबगंज सदर राजद के प्रखंड अध्यक्ष राम अवतार सिंह की अध्यक्षता मे साहिबगंज स्टेशन चौक पर केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान मुख्य रूप से राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा बाबा साहब के लिए की गयी टिपण्णी भाजपा की दोहरे चरित्र को दिखाता है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा संविधान की दुहाई देती है तो दूसरी ओर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भरी संदन में अपमान करती है।भाजपा हमेशा से संविधान के खिलाफ बोलते और संविधान के साथ खिलवाड़ करते आई है।वही प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने कहा कि सदन में जिस तरह का भाषा का प्रयोग बाबा साहब के लिए केंद्रीय गृहमंत्री ने किया है वह निंदनीय और बर्दाश्त करने के काबिल नहीं है।उन्होंने कहा कि इस बयान से भाजपा की मानसिकता का पता चलता है कि वो संविधान के प्रति क्या सोचती है.प्रखंड अध्यक्ष रामावतार सिंह ने कहा कि इस देश में सारा सिस्टम संविधान से ही चलता है,जिसे भाजपा बदलना चाहती है।मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,प्रखंड अध्यक्ष राम अवतार सिंह,जिला उपाध्यक्ष अबुल हुसैन,नसरुद्दीन शेख,महासचिव विनोद यादव, सोनू यादव,नीतीश यादव,उदय यादव,उत्तम यादव,आनंद सिंह,अभिषेक पासवान एवं अन्य लोग उपस्थित उपस्थित थे।

## जमीन अधिग्रहण के बाद मिलने वाले मुआवजा की राशि से रैयत संतुष्ट नहीं



**साहिबगंजः** मिर्जाचौकी से फरक्का के बीच बनने वाले फोरलेन सड़क में सरकार द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को मिलने वाली मुआवजा की राशि से सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 अलग अलग पंचायतों के लोग नाखुश हैं। जहां शुक्रवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत के लोगों ने एकजुट होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर आवेदन सौंपते हुए इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा जो मुआवजा मिल रहा है। वह बहुत ही कम राशि मिल रहा है।जिससे हम लोग संतुष्ट नहीं है।वे लोग सरकार से मांग किया,की घर वासी जमीन के अनुसार सभी को मुआवजा दिया जाए।मौके पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय यादव,गोपाल यादव,अभिषेक कुमार,राम मंडल,महेश मंडल,मो जमशेद,पंकज यादव,विनोद मंडल,महेश पांडेय,रोहित झा,योगेश यादव,कल्पना देवी,शशि कला देवी सहित छोटी कोदरजन्ना,बलुआ दियरा,रेजा नगर,महादेवगंज समेत अन्य पंचायत के लोग भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नगर पंचायत में पानी की समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, दिया आश्वासन



**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 05 के रेलवे कॉलोनी के नीचे टोला में वार्ड वासियों ने पानी की समस्या के लिए जिला अध्यक्ष बरकत खान से शिकायत की थी जिसके आलोक में जिला अध्यक्ष बरकत खान ने वार्ड नम्बर05 के रेलवे कॉलोनी नीचे टोला जाकर पहले से किये हुए बोरिंग एवं स्थल का निरीक्षण किया साथ ही वार्ड वासियों ने यह भी कहा कि आनाखोर पटाल के पास 11000 वोल्ट का बिजली का तार झुल रहा है तथा एक बिजली का पोल भी लगेगा इस पर भी जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने स्थल पर जाकर जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारी से फोन पर वातालर्प किया एवं जल्द निदान करने को कहा। साथ ही कुछ वार्ड वासियों एक सप्ताह पूर्व विधायक निसात आलम जी को आवदेन देकर पीसीसी सड़क एवं डीप बोरिंग की मांग की थी,बरकत खान ने विधायक जी के निर्देश पर स्थल का निरीक्षण किया।ग्रामवासियों ने पक्की नाली की समस्या से भी खान को अवगत करवाया।इस पर बरकत खान ने जल्द ही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से वार्ता कर समस्या का निदान करने की बात कही।मौके पर प्रखंड महासचिव निताय सरकार,विष्णु माल, मिठुन माल,धर्मेंद्र साह,विक्की कर्मकार,मुन्ना यादव,रोहित कुमार,वरूण कुमार,बादल कुमार,संजीव कुमार,छोटू कुमार, बच्चु सेख,राकेश सेख,राजेश कर्मकार सहित अन्य मौजूद थे।

## वाहन जांच अभियान चलाया

**साहिबगंज :** नगर थाना के गांधी चौक के समीप परिवहन विभाग व नगर थाना पुलिस के संयुक्त सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया चार पहिया सहित सभी वाहनों की जांच पड़ताल कर जरूरी कागज देखे गए। जांच के दौरान दर्जनों वाहन जरूरी कागज की कमी के कारण जब्त किए गए और जुमार्ना वसूला गया।साथ ही सभी वाहन चालकों को यह निर्देश दिया गया कि वाहन चलाते समय सभी नियमों का पालन करें सभी वहां की जरूरी दस्तावेज अपने साथ लेकर चले।



# तीसरे सप्ताह में 'पुष्पा-2' की कमाई में आई कमी

अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा-2ः 'द रूल' देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन हो गए हैं और रिकार्ड तोड़ कमाई कर रही है। तीसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई में गिरावट आई है। इस फिल्म का 15वें दिन की कमाई अब तक की सबसे कम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'पुष्पा 2 ः द रूल' ने पहले हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे हफ़्ते में फि ल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफि स पर कुल 264.9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, लेकिन तीसरे हफ्ते में प्रवेश करते ही बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई की गति धीमी हो गई। फिल्म ने 15वें दिन 17.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। ऐसा लग रहा था कि 'पुष्पा 2 ः द रूल' 15वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस एक हजार करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। 15वें दिन के कलेक्शन के साथ 'पुष्पा 2ः द रूल' की भारतीय बॉक्स ऑफिस कुल कमाई 990.7 करोड़ रुपये हो पाई। इसी बीच 20 दिसंबर को दो नई फिल्में दस्तक दी है। इनमें नाना पाटेकर व उत्कर्ष शर्मा स्टारर फिल्म 'वनवास' और म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'मुफासाः द लायन किंग' आज रिलीज हो गई है। इन दोनों फिल्मों रिलीज होने से पहले 'पुष्पा 2ः द रूल' की कमाई कम हुई है। सुकुमार की निर्देशित पुष्पा 2 ः द रूल पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, हिंदुस्तानी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है। यह फिल्म हिंदी वर्जन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पुष्पा 2 ः द रूल ने हिंदी में 621.6 करोड़ रुपये, तेलुगु में 295.6 करोड़ रुपये, तमिल में 52.4 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 7.13 करोड़ रुपये और मलयालम में 13.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## अभिनेता गोविंद नामदेव ने डेटिंग की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा की एक पोस्ट से उनके और गोविंद नामदेव के अफेयर की चचाएं तेज हो गई हैं। शिवांगी ने इंस्टाग्राम पर गोविंद नामदेव के साथ एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने इस फोटो को कैप्शन देते हुए लिखा, 'प्यार की कोई उम्र और कोई सीमा नहीं होती।' शिवांगी की पोस्ट से उनके 40 साल बड़े गोविंद नामदेव के साथ रिश्ते की चर्चा होने लगी। अब इस बारे में एक्टर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। 31 साल की शिवांगी के 70 साल के गोविंद नामदेव को डेट करने की अफवाह थी। इसे लेकर दोनों को ट्रोल भी किया गया था। अब इस पोस्ट पर गोविंद नामदेव ने कमेंट कर आलोचकों को जवाब दिया है।

## मौनी रॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट 'सलाकार' की घोषणा



**अभिनेत्री** मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपने नए प्रोजेक्ट 'सलाकार' के संबंध में एक घोषणा की है। इस पोस्ट के साथ अभिनेत्रीरॉय ने अपने आगामी प्रोजेक्ट 'सलाकार' के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें शेयर कीं। क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर में रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट का कैप्शन देते हुए मौनी ने लिखा, ₹तैयार हो जाइए 2025 के लिए।

फैंस इस प्रोजेक्ट और मौनी की भूमिका के बारे में अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि, विवरण अभी तक गोपनीय हैं। फिल्म की रिलीज 2025 में तय की गई है। अपने अभिनय करियर के अलावा मौनी रॉय एक उद्यमी के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वह 'बदमाश' नामक एक रेस्टोरेंट चेन की मालकिन हैं। स्क्रीन पर हो या बाहर, मौनी अपने फैंस को हमेशा जोड़े रखती हैं।

# बच्चों के साथ शाहरुख खान व अभिषेक बच्चन ने किया डांस

**धीरू**भाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में शाहरुख खान, करीना कपूर, शाहिद कपूर के बच्चे पढ़ते हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या भी इसी स्कूल की छात्रा हैं। इस स्कूल के वार्षिक समारोह के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, इनमें से एक वीडियो ने ध्यान खींचा है। वायरल एक वीडियो में शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन स्कूली बच्चों के साथ नृत्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में अबराम और आराध्या दोनों स्टेज पर दूसरे बच्चों के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को एक्स पर शेयर किया गया है।

वीडियो में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज स्कूली छात्रों के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या की बेटी आराध्या और शाहरुख-गौरी के बेटे अबराम दोनों ने एक साथ परफॉर्म किया। फिर सबके साथ स्टेज पर डांस किया। वीडियो में देखा



जा सकता है कि दर्शक शाहरुख की फिल्म 'ओम शांति ओम' का गाना 'दीवानगी दिवानगी' गा रहे हैं। आराध्या और अबराम ने पिछले साल 2023 में भी साथ में परफॉर्म किया था। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। फिर इस साल भी इन दोनों ने साथ में परफॉर्म किया। शाहरुख खान ने दोनों का वीडियो फोन में भी रिकॉर्ड किया। इस बीच, शाहिद कपूर, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, करण जौहर और पृथ्वीराज सुकुमारन ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में अपने बच्चों के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लिया।

## कई सालों बाद साथ दिखे करीना कपूर-शाहिद कपूर



**बॉलीवुड** में कई एक्टर्स के बारे में उनके ब्रेकअप के सालों बाद भी बात होती रहती है। ऐसी ही एक जोड़ी है, शाहिद कपूर और करीना की। इन दोनों का अफेयर काफी चर्चा में रहा था। उन्होंने अपने रिश्ते को छुपाया भी नहीं था, लेकिन उनका ब्रेकअप हो गया और बाद में वे अपने अपने रास्तों पर पर आगे बढ़ गए। अब कई सालों बाद करीना और शाहिद एक ही फोटो फ्रेम में नजर आए हैं। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में कई बॉलीवुड हस्तियों के बच्चे पढ़ते हैं। हाल में ही इस स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित हुआ था। इस कार्यक्रम में करीना कपूर-सैफ अली खान, शाहिद कपूर-मीरा कपूर, ऐश्वर्या राय-अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन के साथ किंग खान का परिवार भी शामिल हुआ। स्कूल में हुए इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ तस्वीरें शाहिद और करीना की भी हैं, जिनमें दोनों एक-दूसरे के करीब बैठे नजर आ रहे हैं। पैपराजी अकाउंट पर शेयर की गई तस्वीरों में करीना आगे और शाहिद उनके पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। दोनों बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। करीना और शाहिद कई सालों बाद एक ही फोटो में नजर आ रहे हैं और उनके फैंस खुश हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी फोटो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन तस्वीरों पर फैन्स ने 'गीत और आदित्य', 'जब हम मिले', 'वे एक साथ अच्छे लगते हैं', 'गीत और आदित्य हमेशा हमारे पसंदीदा रहेंगे', 'जब आप अपने एक्स से मिलेंगे' जैसे कमेंट किए हैं। 17 साल पहले इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान करीना और शाहिद का ब्रेकअप हो गया था। इस फिल्म के बाद यह जोड़ी एक बार फिर फिल्म 'उड़ता पंजाब' में नजर आई जो 2016 में रिलीज हुई थी, लेकिन उनके सीन एक दूसरे के साथ नहीं थे। अब कई सालों बाद 'जब वी मेट' के फैंस इन दोनों की एक साथ तस्वीरें देखकर खुश हैं।करीना कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में 'जब वी मेट' के बारे में बात करते हुए शाहिद को धन्यवाद कहा। शाहिद ने अपना किरदार बहुत प्रभावशाली ढंग से निभाया है, इसलिए मैं अपना किरदार प्रभावी ढंग से निभा सकी। मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि फिल्म उनके बिना पूरी हो सकती थी।

# आधुनिक क्रिकेट में सीखते रहना जरूरी : सिद्दिकउल्लाह अटल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अफगानिस्तान के नए बल्लेबाजी सनसनी सिद्दिकउल्लाह अटल ने पिछले एसीसी इमर्जिंग एशिया कप में अपने प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने सहज प्रवेश का आधार बताया। सिद्दिकउल्लाह अटल के पहले वनडे शतक और अब्दुल मलिक (84) के साथ उनकी 191 रनों की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में जीत दर्ज की। इस साझेदारी की बदौलत मेहमान टीम ने मुश्किल पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद उनकी गेंदबाजी इकाई ने बेहतरीन अनुशासित प्रयास किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 54 रनों पर ढेर हो गई और अफगानी टीम ने 232 रनों से जीत दर्ज की। अक्टूबर 2024 में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप के बाद से ही अटल ने खूब धमाल मचाया हुआ है, जहाँ वे अफगानिस्तान ए के लिए पाँच मैचों में 122.66 की शानदार बल्लेबाजी औसत और 145 की स्ट्राइक रेट से 368 रन बनाकर टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने।



उनके शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तान ए की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के बाद अटल ने क्रिकबज से कहा, ₹इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीतना अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। टूनार्मेंट के शीर्ष स्कोरर के रूप में, मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला, यह महसूस करते हुए कि मेरे पास हर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, ₹यह नया विश्वास (एसीसी इमर्जिंग कप में अफगानिस्तान ए के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद) राष्ट्रीय टीम के साथ मेरे निरंतर प्रदर्शन में सहायक रहा है। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की मजबूत शुरूआत करने के बाद, अटल ने आत्मसंतुष्टि से बचने के महत्व पर जोर दिया। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी लगातार अपने खेल में सुधार करने और अपने कौशल को विकसित करने के साथ-साथ फिटनेस पर भी कड़ी मेहनत कर रहा है। अटल ने कहा, ₹क्रिकेट लगातार विकसित हो रहा है और आधुनिक क्रिकेट में सीखते रहना जरूरी है। मैं अंतरराष्ट्रीय मंच पर शारीरिक, मानसिक और तकनीकी क्षमताओं के साथ खुद को एक अच्छे पैकेज के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार अपनी फिटनेस और कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। यह मेरा पहला शतक है और मैं खुश हूं। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ₹मेरा परिवार, खासकर मेरी मां, मेरी प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। जब भी मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो मैं अपनी सफलता उन्हें समर्पित करता हूं, क्योंकि उनकी खुशी मेरे लिए दुनिया से बढ़कर है। एकदिवसीय श्रृंखला का समापन 21 दिसंबर को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होने वाले अंतिम एकदिवसीय मैच के साथ होगा। इसके बाद, दोनों टीमें 26 दिसंबर से बुलावायो में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आमने-सामने होंगी। अटल, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए चुना गया था, जिसे इस साल सितंबर में ग्रेटर नोएडा में बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था, ने जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है।

## भारत दो महिला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैचों के लिए करेगा मालदीव की मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम दो फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए मालदीव की मेजबानी करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। भारत का सामना 30 दिसंबर और 2 जनवरी को बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में मालदीव से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होंगे। 13



दिसंबर को जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 69वें स्थान पर है, जबकि मालदीव 163वें स्थान पर है। ब्लू टाइग्रेसेस ने आखिरी बार अक्टूबर में सैफ महिला चैंपियनशिप में मैच खेला था, जहां वे सेमीफाइनल में नेपाल से हार गई थीं।

## राष्ट्रीय खेलों के ट्रिपल जंप चैंपियन एबी अरुण पर डोपिंग के लिए लगा चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली :** डोप टेस्ट में असफल होने के कारण राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक गंवाने वाले सेना के ट्रिपल जंपर एबी अरुण पर चार साल का निलंबन लगाया गया है। 26 वर्षीय अरुण ने पिछले साल गोवा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रवेल के 16.68 मीटर (2022) के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 16.79 मीटर की छलांग लगाकर शानदार स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने 27



नवंबर, 2024 को अपने फैसले में उन पर 14 दिसंबर, 2023 से चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। केरल के अरुण का मेफेन्टरमाइन और इसके मेटाबोलाइट्स फेंटरमाइन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था, जो गैर-निर्दिष्ट उत्तेजक हैं जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिबंधित हैं। 400 मीटर धावक दीपांशी तीन साल के लिए बाहर इस बीच, हरियाणा की दीपांशी, जिन्होंने जून में भुवनेश्वर में अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता था और डोप के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद उनसे यह पदक वापस ले लिया गया था, पर 4 जुलाई, 2024 से तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है (नाडा के मामले के समाधान समझौते के अनुच्छेद 10.8 और 8.3 के तहत प्रतिबंध में कमी)। 22 वर्षीय दीपांशी, जिसका ड्रोस्टेनोलोन के लिए परीक्षण सकारात्मक आया था, जो एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड श्रेणी में आता है और जो हर समय (प्रतियोगिता के अंदर और बाहर) प्रतिबंधित है, 3 जुलाई, 2027 तक प्रतियोगिता से बाहर रहेगी और 27 जून, 2024 से उसके सभी परिणाम, जब अंतर-राज्यीय मीट के दौरान परीक्षण लिया गया था, अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

# दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

एजेंसी

**जोहानसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन दाएं घुटने की समस्या के कारण पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। केशव महाराज के बाद बार्टमैन दूसरे गेंदबाज हैं जो वनडे सीरीज में चोटिल हुए हैं और इस गर्मी में बाहर होने वाले छठे तेज गेंदबाज हैं। गेराल्ड कोएत्जी, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लिजाद विलियम्स और एनरिक नोर्टजे अन्य गेंदबाज हैं। टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किए गए कॉर्बिन बॉश, वनडे टीम में बार्टमैन की जगह लेंगे और बॉक्सिंग डे पर पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट के लिए भी तैयार हैं। केपटाउन में गुरुवार को



दूसरे वनडे से पहले गेंदबाजी करते समय बार्टमैन को रन अप के दौरान असहजता

महसूस हुई। वह मैच-डे इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दो दिन पहले पार्ल में सीरीज के पहले मैच में खेले थे। तब, उन्होंने सात ओवर फेंके और 37 रन देकर 2 विकेट लिए। बार्टमैन का अगला काम एसए20 है, जहां उनका अनुबंध सनराइजर्स ईस्टर्न केप से है। उनकी चोट से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए, भले ही वे मुल्डर की फिटनेस का इंतजार कर रहे हों। मुल्डर ने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी दाईं मध्यमा उंगली तोड़ दी थी, लेकिन उसने फिर से गेंदें मारना शुरू कर दिया है और गुरुवार को उसका स्कैन होना था। टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका मुल्डर की वापसी को लेकर रूढ़िवादी रवैया अपनाएगा, जिससे पता चलता है कि वह सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट में शायद न खेल पाए। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ दक्षिण अफ्रीका पूरी गति से खेल सकता है, और कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन, बॉश और डेन पैटरसन को खिला सकता है या 18 वर्षीय क्वेना मफाका को चुन सकता है, जिसने गुरुवार को अपना वनडे डेब्यू किया। उन्होंने मैच में 72 रन देकर 4 विकेट लिए, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 81 रन से गंवा दिया।

पाकिस्तान ने पहले ही सीरीज जीत ली है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका रविवार को वांडरर्स में पिंक डे पर अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश करेगा। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह उनकी सबसे मजबूत

## डब्ल्यूटीए 2024 फैन अवार्ड्स : झेंग किनवेन ने जीता फैन फेवरेट सिंगल्स खिलाड़ी का पुरस्कार

एजेंसी

**बीजिंग :** महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) ने गुरुवार को 2024 फैन अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने फैन फेवरिट सिंगल्स और डब्ल्यूटीए 250 बेस्ट मोमेंट का पुरस्कार हासिल किया। 2024 में, झेंग विश्व में नंबर 5 की करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंच गईं, जिसमें पेरिस ओलंपिक और ऑस्ट्रेलियन ओपन और डब्ल्यूटीए फाइनल दोनों के फाइनल में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को शामिल किया गया। डब्ल्यूटीए फैन अवार्ड्स उन



खिलाड़ियों को सम्मानित करते हैं जिन्होंने कोर्ट के अंदर और बाहर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, जैसा कि प्रशंसकों के वोटों से निर्धारित होता है। जैस्मीन पाओलिनी को फैन फेवरेट डबल्स विजेता के रूप में चुना गया। मैच ऑफ द ईयर का खिताब मैड्रिड ओपन के फाइनल में इगा स्विएटेक और आर्यना सबालेंका के बीच हुए मुकाबले को दिया गया।

# हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के आसार, शीतलहर और कोहरे का अलर्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में ठंड कहर बरपा रही है। राज्य के नौ शहरों का पारा माइनस में चल रहा है। पहाड़ी इलाकों के साथ मैदानी हिस्सों को भी शीतलहर ने जकड़ लिया है। लाहौल-स्पीति जिला में सीजन की सबसे ठंडी रात रही। इस जिला के ताबो में न्यूनतम तापमान सीजन में पहली बार शून्य से 14 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। सर्दी से फिलहाल निजात नहीं मिलेगी और आगामी दिनों में कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ाएगा। इसके साथ ही मौसम भी करवट लेगा और बारिश व बर्फबारी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने 23 व 24 दिसम्बर को पर्वतीय व उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 27 दिसम्बर से फिर बर्फबारी व बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में 22 से 24 अक्टूबर तक शीतलहर का ऑरेंज तथा 25 व 26 दिसम्बर को येलो अलर्ट जारी किया है। 24 व 25 दिसम्बर को बिलासपुर और



मंडी जिलों में घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। 22, 25 व 26 दिसम्बर को मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

**नौ शहरों का शून्य से नीचे पारा**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक शनिवार को राज्य के चार जिलों के नौ शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। बीते 24 घण्टों में राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री नीचे चल रहा है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री की गिरावट रही। लाहौल-स्पीति जिला के ताबो में न्यूनतम तापमान -14 डिग्री, कुकुमसेरी में -7.8 डिग्री व सियोबाग में -1.5 डिग्री, किन्नौर के कल्पा में -3 डिग्री, बजुआरा में -1.9 डिग्री व रिकांगपिओ में -0.8 डिग्री, कुल्लू जिला के भुंतर में -2 डिग्री, मनाली में -1 डिग्री, मंडी जिला के सुंदरनगर में -0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो ऊना में शून्य डिग्री, बरठीं में 0.1 डिग्री, शिमला में न्यूनतम पारा पांच डिग्री, मंडी में एक डिग्री, चम्बा में 1.1 डिग्री, हमीरपुर में 1.3 डिग्री, बिलासपुर में 2.2 डिग्री, नारकण्डा में 1.9 डिग्री, कांगड़ा में 3 डिग्री, सराहन में 4 डिग्री और पांवटा साहिब व देहरा गोपीपुर में सात डिग्री सेल्सियस रहा।

## पिछले 30 वर्षों में सबसे ठंडी दिसंबर की रात श्रीनगर में दर्ज, पारा शून्य से नीचे 8.5 डिग्री तक पहुंचा



श्रीनगर, 21 दिसंबर (हि.स.)। सर्दियों की सबसे कठोर अवधि जिसे स्थानीय रूप से चिल्लई-कलां के रूप में जाना जाता है ने कश्मीर घाटी को भीषण शीत लहर से जकड़ लिया है जिससे तापमान रिकॉर्ड तोड़ नीचे चला गया है। जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 30 वर्षों में सबसे ठंडी दिसंबर की रात दर्ज की गई, जब पारा शून्य से नीचे 8.5 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। एक स्वतंत्र पूर्वानुमानकर्ता के अनुसार यह पिछले 133 वर्षों में श्रीनगर में दर्ज किया गया तीसरा सबसे कम दिसंबर का तापमान है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में शून्य से नीचे 8.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो 1990 के बाद से दिसंबर की सबसे ठंडी रात थी। अब तक का सबसे कम तापमान शून्य से नीचे 12.8 डिग्री सेल्सियस था जो 13 दिसंबर 1934 को दर्ज किया गया था। अन्य क्षेत्रों के बारे में उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अनंतनाग में शून्य से नीचे 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 10.3 डिग्री सेल्सियस जबकि कुलगाम में शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा। चिल्लाई-कलां 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि है जिसके बाद 20 फरवरी से 2 मार्च तक चिल्ला-बच्चा या बेबी कोल्ड होगा।

# ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के लिए चलेगा विशेष अभियान, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाकर ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सड़कों के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाए ताकि वाहन दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को



निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 2350 करोड़ की लागत से ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। गौरतलब है कि प्रदेश में एनएचएआई द्वारा 40 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर 812.64 करोड़ रुपये की लागत से इन्हें सुधारने का कार्य किया जा रहा है, जिनमें से 13 का काम पूरा हो चुका है तथा शेष प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार प्रदेश में एनएचएआई 821.51 करोड़ की लागत से 37 अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट को सुधारने के कार्य भी शीघ्र शुरू करने जा रहा है। प्रदेश में एनएच द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ लगभग 650 करोड़ की लागत से 176 ब्लैक स्पॉटस को सुधारने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित 117 ब्लैक स्पॉटस को 31 मार्च 2025 तक ठीक कर दिया जाएगा। राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा चिन्हित 30 ब्लैक स्पॉट के सुधार के कार्य 21.72 करोड़ रुपये की लागत से करवाए जा रहे हैं, जो आगामी जनवरी तक पूरे हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त 4 सड़कों पर 20.34 करोड़ रुपये की लागत से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं।

## प्रयागराज: आत्महत्या मामले में महिला समेत दो को हुई छह वर्ष की सजा

एजेंसी

**प्रयागराज :** उप्र पुलिस के अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे आपरेशन कनविक्शन के तहत मेजा पुलिस की प्रभावी पैरवी की वजह से आत्महत्या मामले के आरोपित महिला और युवक को 5 वर्ष बाद न्यायालय ने 6-6 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। यह जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के कटौती नन्दा का पूरा गांव निवासी अजय कुमार पुत्र संतलाल और पड़ोस में रहने वाली महिला अंजना पत्नी लल्लू के खिलाफ मृतिका के पिता की तहरीर पर 17 मार्च 2018 में धारा 354 घर/34 भारतीय दण्ड विधान और 306/34,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान 24 मार्च 2018 को धारा 511 का हटाया गया। जिसके बाद आरोपित अजय कुमार ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देश पर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किया और प्रभावी ढंग से पैरवी की। परिणाम स्वरूप न्यायालय ने महिला समेत दोनों आरोपितों को विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। इसी क्रम में न्यायालय ने 306/34 के तहत 6-6 वर्ष 7-7 माह के कठोर कारावास एवं 5-5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. सरमा पहुंचेंगे अगरतला, एनईसी की के सत्र में लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**गुवाहाटी :** उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) का 72वां पूर्ण सत्र पहली बार त्रिपुरा में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री और एनईसी के अध्यक्ष अमित शाह इस ऐतिहासिक सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को अगरतला के प्रमुख स्थलों, उज्जयंत पैलेस और प्रज्ञा भवन, का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अंतिम निर्देश देते हुए कहा कि इस वर्ष एनईसी का 72वां पूर्ण सत्र त्रिपुरा में आयोजित हो रहा है। इसके लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, जिसमें उज्जयंत पैलेस में एक भव्य कार्यक्रम शामिल है। मुख्य सत्र प्रज्ञा भवन में होगा।

इस सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर पूर्व के राज्यों के



मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राज्यपाल भाग लेंगे। सत्र के दौरान क्षेत्रीय विकास और मौजूदा तथा प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही, उत्तर पूर्वी-स्पेस एप्लीकेशन सेंटर की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि यह त्रिपुरा के लिए गर्व का क्षण है। इस महत्वपूर्ण आयोजन से उत्तर पूर्व के विकासात्मक पहल तेजी से आगे बढ़ेंगे। त्रिपुरा में एनईसी का आयोजन न केवल क्षेत्रीय विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि यह राज्य की क्षमता और प्रगति को भी उजागर करेगा।

## एनआईए ने खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को किया गिरफ्तार

**बीजापुर/रायपुर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) ने 10 जवानों की जान लेने वाले खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को गुरुवार को सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। उसे अरनपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी। एनआईए की विज्ञप्ति के अनुसार बांद्रा ताती अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश में सीधे तौर पर शामिल था। जांच में यह भी सामने आया है कि ताती आईईडी के परिवहन के अलावा घातक हमले को अंजाम देने के लिए सहायक भूमिका निभा रहा था। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनकी मदद से बांद्रा ताती को पकड़ने में सफलता मिली। इस गिरफ्तारी से सुरक्षा बलों के मनोबल को भी मजबूती मिलेगी और नक्सलवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और तेज किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल, 2023 को ताती ने अरनपुर के पेड़का चौक के पास घात लगाकर विस्फोट किया था। इसमें दस जवानों की जान चली गई थी । इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने 26 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इसके बाद फरवरी 2024 में इस जांच को एनआईए को सौंप दिया गया था।

## मप्र के देवास में सिलेंडर विस्फोट से लगी आग, घर पर सो रहे पति-पत्नी समेत चार की मौत

एजेसी

**देवास :** मध्य प्रदेश के देवास जिले में आज तड़के एक घर में आग लग गई। इस हादसे में दूसरी मंजिल पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।घटना नयापुरा थाना क्षेत्र में तड़के करीब 4:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि मकान के नीचे स्थित डेयरी में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। पहली मंजिल पर डेयरी प्रोडक्ट्स रखे थे, जिससे आग बेकाबू हो गई और दूसरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घर में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ । सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार



के रेस्क्यू में जुटे , लेकिन ऊपर जाने का रास्ता सकरा होने से टीम रेस्क्यू नहीं कर पाई। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक गेहलोद ने बताया कि हादसे में दिनेश कारपेंटर (35), उनकी पत्नी गायत्री कारपेंटर (30), बेटी इशिका (10) और बेटे चिराग (7) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि नयापुरा में डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर की दुकान नीचे थी और उनका परिवार ऊपर रहता था। आग लगने के दौरान दिनेश कारपेंटर और उनका परिवार घर में मौजूद था। अभी पुलिस की टीम मौके पर है। फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ऐसी संभावना है कि कुछ इंफ्लेमेबल मटेरिल फर्स्ट फ्लोर पर स्टोर कर-के रखा गया था, इसकी जांच जारी है।नगर निगम दमकल विभाग के अभिनव चंदेल ने बताया कि सुबह 4:48 बजे नयापुरा क्षेत्र में आर्यन मिल्क कॉर्नर पर एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना मिली । मौके पर हमारी तीन फायर बिग्रेड पहुंची। रेस्क्यू कर एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चों का शव निकाला। सिंगल रास्ता होने से इसमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रास्ते पर मलबा पड़ा होने से आग बुझाने और रेस्क्यू कार्य में दिक्कत हुई। मिल्क कॉर्नर में जहां ब्लास्ट हुआ, वहां एलपीजी सिलेंडर मिला है। मौके पर अन्य एलपीजी सिलेंडर भी रखे थे। पहली मंजिल पर भी डेरी प्रोडक्ट भी रखे हुए थे।बताया जा रहा है कि दिनेश कारपेंटर मूल रूप से देवास जिले के बजेपुर गांव विजयागंज मंडी रोड के रहने वाले थे। वह नयापुरा में पिछले डेढ़ साल से पत्नी और दो बच्चों के साथ किराये परे रह रहे थे।

# श्याम महोत्सव को लेकर निकला निशान शोभायात्रा, झाकियां रही आकर्षण का केन्द्र

एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज में श्याम महोत्सव को लेकर श्याम परिवार की ओर से शनिवार को शहर में निशान शोभायात्रा निकाली गई। निशान यात्रा का शुभारंभ सिद्ध सागर भवन से हुआ।श्री श्याम महोत्सव को लेकर निकाले गए इस निशान यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,जो अपने हाथों में निशान ध्वज थामे हुए था।इस अवसर पर खाटू श्याम को विराजित कर आकर्षक रूप से सजाया और रथ में स्थापित कर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली।यात्रा में शामिल भक्तों ने जमकर श्री श्याम बाबा का जयकारा लगाया। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहरी क्षेत्र



सहित आसपास के क्षेत्रों में खाटू के बाबा श्री श्याम के भक्तों की बड़ी संख्या है। वहीं निशान यात्रा में श्री श्याम बाबा की भव्य झांकी सजाई गई थी। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में श्याम ध्वज लेकर इसमें शामिल हुए। इस दौरान श्याम बाबा के जयकारे एवं भजनों से पूरा शहर गूंजता रहा।जहां निशान यात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते दिखाई दिए। निशान यात्रा सिद्ध सागर भवन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः भवन पहुंचकर संपन्न हुआ। खास बात कि निशान यात्रा में भाजपा के स्थानीय विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केसरी, नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद नूतन वर्ष सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा में विधायक व मुख्य पार्षद के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर माहेश्वरी, पार्षद गणेश गुप्ता, श्याम परिवार की महिलाओं में अंजू अग्रवाल,दीपा अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, राधा माहेश्वरी,रश्मि अग्रवाल, पायल अग्रवाल,मीरा अग्रवाल, सुनीता लड्डा, सुमन अग्रवाल, शालू केडिया, स्वीटी केडिया सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

## 23 दिसंबर को पहुंचेगा जदयू का अल्पसंख्यक कारवां रथ, विभिन्न प्रखंडों में करेगा भ्रमण



**फारबिसगंज/अररिया :** अररिया में आगामी 23 दिसंबर को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रखंड में कारवां रथ पहुंचेगी. इस कारवां रथ कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी मेजर इकबाल, मोजिबुल रहमान, प्रमंडलीय प्रभारी इरशाद अली आजाद भी शामिल होंगे. इस कार्यक्रम के माध्यम से सीमांचल के लोगों को सरकार के 19 वर्ष के विकास कार्य से अवगत कराया जायेगा. कार्यक्रम की तैयारी व सफलता को लेकर आज पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया.जिसमें कारवां रथ कार्यक्रम की रणनीति पर भी चर्चा की गई. बैठक में जदयू नेत्री सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम ने बताया कि यह कारवां रथ सर्वप्रथम सीमांचल क्षेत्र से ही शुरू किया जा रहा है. जो 22 दिसंबर को पटना से रवाना होकर फारबिसगंज पहुंचेंगे. फिर अगले दिन 10 बजे फारबिसगंज के रामपुर, 11 बजे रानीगंज के डुमरिया, 12 बजे रजोखर, 01 बजे बटूरबाड़ी, 02 बजे जोकीहाट प्रखंड के उदाहाट होते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेंगे.

## न्यूज IN ब्रीफ

### क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर: शहर भर के विभिन्न चर्च में होगी प्रार्थना

**जयपुर :** ईसाई समुदाय 25 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाएगा। मसीही समाज के लोग इन दिनों इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस पर्व से पूर्व समाजजन अपने घरों और चर्च में कैरल्स (विशेष गीत) समेत विभिन्न आयोजन कर रहे हैं। समाजजनों के घरों में गायन मंडली हिंदी, अंग्रेजी और मलयालम भाषा में क्रिसमस पर गाए जाने वाले कैरल्स गा रहे हैं। वहीं, क्रिसमस पर सभी चर्चों में आराधना के दौरान प्रभु यीशु के जन्म के विशेष पाठ और प्रार्थनाएं होंगी, जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई समाज के लोग शिरकत करेंगे। क्रिसमस के उपलक्ष्य में घरों में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिसमें स्थानीय और कॉलोनी के लोग शिरकत कर रहे हैं। इस दौरान कैरोल्स गाकर ईसा मसीह के जन्म की खुशी और शांति का संदेश दिया जा रहा है। क्रिसमस की रात को विशेष रूप से मिडनाइट मास (रात्रि पूजा) का आयोजन किया जाएगा, जो बहुत ही पवित्र और आध्यात्मिक मानी जाती है। इसमें बाइबिल के प्रसंग सुनाए जाते हैं और विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। मानसरोवर स्थित मारथोमा चर्च में 22 दिसंबर को शाम 6 बजे से क्रिसमस कैरल सर्विस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित गीत गाए जाएंगे। महिलाओं, पुरूषों और बच्चों के अलग-अलग पारंपरिक वेशभूषा में गीत-संगीत के बीच विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान क्रिसमस कैरल्स का संदेश देने सेंट मेरीस ओरथोडोक्स चर्च, मुरलीपुरा के मुखिया विकार रेवरन फादर जोमोन जॉर्ज शिरकत करेंगे। साथ ही, कई ईसाई धर्मगुरू कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और प्रभु यीशु के उपदेश सुनाएंगे। वहीं 25 दिसंबर को सुबह 6 बजे से होली कुरबाना रखा गया है। इसी के साथ दिनभर विभिन्न आयोजन होंगे। इसके लिए चर्च को फूलों, मोमबत्तियों, विशेष लाइटिंग और अन्य तरीकों से सजाया-संवारा जा रहा है। राजधानी के सेक्रेड हाट्र्स चर्च, एंड्रयूज चर्च न्यू अपोस्टोलिक चर्च, सेंट जेवियर्स चर्च, माथोर्मा चर्च, ऑल सेंट्स चर्च, पेंटेकोस्टल मिशन सोसाइटी चर्च, मोर ग्रेगोरियोस जैकोबाइट सीरियन चर्च, न्यू लाइफ फेलोशिप चर्च, अगापे फेलोशिप चर्च सहित अन्य सभी चर्च में गिरजाघरों में सजावट से लेकर रंग रोगन, साफ सफाई का काम तेजी से चल रहा है। पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े , जवान सभी में उल्लास है। कुछ चर्च में क्रिसमस की विशेष प्रेयर 24 दिसम्बर को रात 12 होगी। इसे मिड नाइट प्रेयर कहा जाता है। हालांकि चर्च में 25 दिसंबर को सुबह ही यीशु के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया जाएगा। यीशु के जन्म की झांकी सजाई जाएगी। फादर विशेष प्रार्थना करवाएंगे। सांता बच्चों को उपहार बांटेगा।

### आध्यात्मिक प्रदर्शनी स्वर्णिम भारत के नवनिर्माण का मैप के साथ-साथ रोडमैप भी दशार्ती है: सविता बहन

**समस्तीपुर :** जिले के ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र मे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तीन दिवसीय स्वर्णिम भारत नवनिर्माण के मौके पर बीके सविता बहन ने कहा कि यह प्रदर्शनी स्वर्णिम भारत के नवनिर्माण का मैप के साथ-साथ रोडमैप भी दशार्ती है। सविता बहन ने कहा कि यह प्रदर्शनी मानव के नैतिक एवं चारित्रिक उत्थान के साथ-साथ जीवन को चिरकाल के लिए खुशनुमः, तनावमुक्त व सुख-शान्ति-समृद्धि से संपन्न बनाने के लिए ईश्वरीय मार्गदर्शन प्रदान करती है। यह हमें हमारे उन कर्तव्यों एवं अधिकारों का बोध कराती है, जिसका हमें अब तक बोध नहीं था। उन्होंने कहा कि हम अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए कुछ मिनट निकालें तो निश्चित रूप से हम अपने जन्म-जन्म के भाग्य को संवारने का दिव्य ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और अपना वर्तमान भी सर्व प्रकार की समस्याओं से मुक्त करने का ईश्वरीय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### जयपुर एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में अब तक 14 लोगों की मौत, जांच के लिए एसआईटी का गठन

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र में कल सुबह हुए एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में झुलसे लोगों में से दो और ने आज सुबह दम तोड़ दिया। अब इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, झुलसे 31 लोग अब भी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इस हादसे में 25 लोग 75 फीसदी तक झुलसे हैं। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल पहुंचे कई शवों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। एक शव का तो केवल धड़ ही लाया गया। एक शव पोटली में हॉस्पिटल पहुंचा। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देश पर जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है। भांकरोटा थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने इस मामले की एफआईआर दर्ज की। इसकी जांच सिंधी कैंप थाना अधिकारी करेंगे। उल्लेखनी है कि शुक्रवार सुबह भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5:44 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने टैंकर ने यू-टर्न लिया। इस दौरान जयपुर से अजमेर जा रहा ट्रक उससे भिड़ गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। नौ लोगों ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। गेल इंडिया लिमिटेड के (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर से टैंकर के पांच नोजल टूट गए और 18 टन (180 क्विंटल) गैस लीक हुई। इससे इतना जोरदार धमाका हुआ कि पूरा इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। जहां टैंकर में ब्लास्ट हुआ उससे करीब 200 मीटर दूर एलपीजी से भरा एक और टैंकर था। गनीमत रही कि उसने आग नहीं पकड़ी।

### खड़े ट्रक से टकराई यात्रियों से भरी बस, चालक समेत कई घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के आनंदपुर थाना अंतर्गत पंचखुरी बुरापट इलाके में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार यात्री बस ने स्टेट हाईवे के किनारे खड़ी एक मालवाहक लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में बस चालक और कई यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों की पहल पर उन्हें इलाज के लिए केशपुर ग्रामीण अस्पताल भेजा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चंद्रकोना से मेदिनीपुर जा रही एक बस इस हादसे का शिकार हुई है, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक बस में उस वक्त करीब 30 से 40 यात्री सवार थे।

### दक्षिण कोरिया आज अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र से अपना तीसरा सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करेगा

**सियोल :** दक्षिण कोरिया आज अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र से अपना तीसरा घरेलू सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करेगा। दक्षिण कोरिया ने कुछ समय से उत्तर कोरिया पर अपनी निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास तेज किए हैं। इस उपग्रह को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट पर कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से सुबह 3:34 बजे (स्थानीय समय) लॉन्च किया जाएगा। द कोरिया टाइम्स की खबर में यह भी साफ किया गया है कि अगर प्रक्षेपण सफल हुआ तो यह उत्तर कोरिया पर बेहतर निगरानी के लिए 2025 तक पांच मध्यम से बड़े आकार के जासूसी उपग्रहों को प्राप्त करने की योजना के तहत कक्षा में दक्षिण कोरिया का तीसरा सैन्य जासूसी उपग्रह होगा।

# जेके इंटरनेशनल स्कूल में विंटर वंडर कार्निवल क्रिसमस की धूम







**मेट्रो रेज**

**रांची:** जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरू में आज विंटर वंडर कार्निवल क्रिसमस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन जितेंद्र सिंह, प्राचार्या खुशबू झा, गोपाल कृष्ण झा और भारती झा द्वारा रिबन काटकर किया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल स्वादिष्ट व्यंजनों से भरे हुए थे। वहीं हस्तकला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया था। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने अनेक खेलों का भी आयोजन किया था। जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकगण और अतिथिगण विद्यार्थियों की प्रतिभा देखकर दंग रह गए। विद्यालय की प्राचार्या खुशबू झा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और कर्मठता का परिणाम था कि कार्यक्रम इतना सफल हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी गाने गाकर अभिभावकों का मनोरंजन किया और कार्यक्रम को और भी रंगीन बनाया। उनके गानों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को एक यादगार घटना बना दिया। जेके इंटरनेशनल स्कूल, में विंटर वंडर कार्निवल क्रिसमस का आयोजन एक यादगार घटना बन गयी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर था।





































